mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-13 | पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
13 जनवरी 2025 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



सर्वाधिक गेंद खेलने...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-बांग्लादेश के बीच सीमा पर बढ़ी तनातनी

**ढाका (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेक हसीना के अपदस्थ होते ही दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण हो चुके हैं। अब पहली बार भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर भी तनातनी देखी गई है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के लिए भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सुरक्षा को सख्त कर दिया है। इससे कोई भी बांग्लादेशी घुसपैठिया भारत में प्रवेश नहीं कर पा रहा है।



बीएसएफ के अधिकारी हर बांग्लादेशी संदिग्ध से सीमा पर कड़ाई से पूछताछ कर रहे हैं। इससे बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की सरकार बौखला गई है। ताजा विवाद में सूचना है कि बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को ढाका में तलब किया। यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। वर्मा को अपराह्न लगभग तीन बजे मंत्रालय में प्रवेश करते देखा गया। बांग्लादेशी घुसपैठियों को सीमा में घुसने से रोकने के लिए भारत ने बॉर्डर पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश इससे बौखला गया है। भारतीय उच्चायुक्त की ढाका में बांग्लादेश की विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ लगभग 45 मिनट तक इन्हीं मुद्दों पर बैठक चली। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की ओर से हालांकि चर्चा के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।

### चेक गणराज्य के रेस्तरां में लगी भीषण आग, 6 लोगों की मौत


**प्राग (एजेंसी)।** चेक गणराज्य के उत्तरी हिस्से में एक रेस्तरां में भीषण आग लगने की सूचना सामने आ रही है। आग इतनी भयानक थी कि इस हादसे में अब तक कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि छह अन्य गंभीर रूप से झुलस गये हैं।




इन सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना के बारे में मीडिया से जानकारी साझा की है। चेक गणराज्य के अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि यह हादसा प्राग के उत्तर में लगभग 100 किलोमीटर (63 मील) की दूरी पर स्थित मोस्ट शहर में शनिवार को हुआ। यहां 'यू कोजोटा' रेस्तरां में अचानक आग लग गई, जो आधी रात से पूर्व आग लगने के समय खुला था। पुलिस और अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि संभवतः आग का कारण गैस हीटर का पलट जाना था। आगू पर एक बजे तक काबू पाया जा सका और उसमें 60 से अधिक दमकलकर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। इस आग में राहत और बचाव दलों ने कम से कम 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। वहीं झुलसे लोगों को मोस्ट और आस-पास के शहरों के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। मामले की जांच की जा रही है। रविवार सुबह मौके का दौरा करने के बाद गृहमंत्री विट राकुसान ने कहा कि रेस्तरां और समीप के एक अपार्टमेंट से करीब 30 लोगों को बाहर निकाला गया। मोस्ट के महापौर मारेक हर्वोल ने कहा कि यह शहर के हाल के इतिहास की सबसे बुरी त्रासदी है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया कल्पवास का महत्व

**प्रयागराज (एजेंसी)।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि गृहस्थ लोगों को कल्पवास में आध्यात्मिक जीवन का आनंद मिलता है इसलिए वे घर-बार छोड़कर एक महीने के लिए कल्पवास करते हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कल्पवास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जब भी कोई काम करना होता है तो हम उसकी पूरा योजना बनाते हैं। उसी तरह कल्पवास एक महीने का होता है और उसकी पूरी योजना बनाई जाती है। योजनाबद्ध तरीके से जीवन को जीते हैं। क्या,



कबतक और कैसे करूंगा, इसका परिणाम क्या होगा? ये हम संकल्प में कहते हैं। फिर निश्चय और नियमों का पालन करते हैं। यह पूरे एक महीने तक चलता है। संन्यासी का जीवन जीना होता है। एक समय का सात्विक भोजन, प्रातः काल उठकर गंगा स्नान, ब्रह्मचर्य का पालन, असत्य नहीं बोलना होगा, जप तप और सत्संग, इस तरह से एक संन्यासी का जीवन जीते हुए अगली पूर्णिमा तक की अवधि पूरी करनी होती है। उन्होंने बताया कि संन्यासी गृहस्थ में नहीं जाता है क्योंकि वह उसी जीवन से आया होता है। गृहस्थ व्यक्ति के पास संन्यास का अनुभव नहीं होता है तो फिर वह सोचता है कि संन्यासियों के पास कुछ नहीं है फिर भी वे सुखी हैं। तो वह सोचता है कि मैं भी एक महीना कल्पवास कर लूं। वे एक महीना संन्यासियों के साथ जीकर कल्पवास करते हैं। घर में उन्हें वह आनंद नहीं मिलता है जो यहां कल्पवास में मिलता है। गृहस्थ लोगों को कल्पवास में आध्यात्मिक जीवन का आनंद मिलता है।

### विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में बोले पीएम मोदी

# 'वो दिन भी दूर नहीं जब भारत गरीबी से मुक्त होगा'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वह दिन अब दूर नहीं है जब पूरा भारत गरीबी से मुक्त होगा। उन्होंने कहा, ÷...विकसित भारत की इस यात्रा में हमें हर रोज नए लक्ष्य बनाने हैं, उसे प्राप्त करना है। वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करेगा। बीते 10 वर्षों में देश ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। जिस रफ्तार से हम चल रहे हैं तो वो दिन भी दूर नहीं है जब पूरा भारत गरीबी से मुक्त होगा...

उन्होंने कहा, 'मैंने लाल किले से 1 लाख नए युवाओं को राजनीति में लाने की बात कही है। अपने सुझावों को लागू करने के लिए राजनीति भी बहुत शानदार माध्यम हो सकती है। मुझे विश्वास है आपमें से भी अनेकों नौजवान राजनीति में भी भागीदारी के लिए आगे आएंगे।'

उन्होंने कहा, आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा हूं। विकसित भारत में हम क्या



देखना चाहते हैं? कैसा भारत देखना चाहते हैं? विकसित भारत यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे। पीएम मोदी ने कहा, क्या हम केवल बोलने से ही विकसित हो जाएंगे? जब हमारे हर फैसले की कसौटी एक ही होगी, विकसित भारत। जब हमारे हर कदम की दिशा एक ही होगी, विकसित भारत... तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक पाएगी। बहुत पहले लाल किले से मेरे दिल की एक आवाज निकली थी। मैंने कहा था, यही समय है- सही समय है।

## गणतंत्र दिवस में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26 जनवरी को भारत अपना गणतंत्र दिवस मनाएगा। हर साल इस मौके पर किसी न किसी देश के राष्ट्राध्यत्र मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होते रहे हैं। वहीं इस बार कयास लगाए जा रहे हैं कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति



प्रबोवो सुबियांतो राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। माना जा रहा है कि नई दिल्ली द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद, सुबियांतो के भारत दौरा संपन्न करने के तुरंत बाद पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना नहीं है। हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया में आई खबरों के मुताबिक, जकार्ता ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के भारत दौरे के बाद पाकिस्तान की यात्रा की योजना बनाई है। बता दें कि भारत ने अब तक इस साल के गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि की औपचारिक घोषणा नहीं की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबियांतों के दौरे के दौरान उनके साथ व्यापक बातचीत करेंगे। भारत हर साल वैश्विक नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है।

## दिल्ली एनसीआर में बारिश से प्रदूषण हुआ कम, ग्रैप-3 की पाबंदी हटी

### बीएस 4 वाहनों पर लगी रोक भी खत्म कर दी गई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली एसीआर के कुछ हिस्सों में शनिवार और रविवार के दिन हल्की बारिश हुई। इससे दिल्ली का औसत एक्यूआई 300 से कह हो चुका है और ग्रैप-3 की पाबंदियां हटा दी गई हैं। दो दिन पहले ही दिल्ली का औसत एक्यूआई 300 के पार चला गया था और ग्रैप-3 की पाबंदियां दोबारा लागू कर दी गई थीं। अब दिल्ली एनसीआर में निर्माण कार्य शुरू किए जा सकेंगे। बीएस 4 वाहनों पर लगी रोक भी खत्म कर दी गई है। इसके साथ ही स्कूलों में छठीं से 12वीं तक की कक्षाएं स्कूल से संचालित होंगी। अब तक आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन हो रही थीं।




आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को सफदरजंग मौसम केंद्र ने 1.6 मिलीमीटर (मिमी), पालम में 2.4 मिमी, दिल्ली विश्वविद्यालय में दो मिमी, पूसा में 1.5 मिमी और नजफगढ़ में चार मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि आने वाले घंटों में करावल नगर, दिलशाद गार्डन, सीमापुरी, शाहदरा, विवेक विहार, प्रीत विहार, नजफगढ़, द्वारका, अक्षरधाम, आयानगर और डेरामंडी सहित दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य रूप से 7.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## घमंडिया गठबंधन के टूटने की शुरुआत...

### दिल्ली में भी बनेगी बीजेपी सरकार, शिरडी में अमित शाह का बड़ा बयान

**शिरडी (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में महायुति को मिली बंपर चुनावी जीत के बाद बीजेपी का शिरडी में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन हो रहा है। इस सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन (इंडिया अलायंस) के टूटने की शुरुआत हो चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में सबकुछ नजर आ रहा है। ममता और लालू छटपटा रहे हैं। वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना अलग चुनाव लड़ रही है। अमित शाह ने दावा किया कि दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि 2024 में महाराष्ट्र में विजय मिली और अब 2025 में दिल्ली से जीत की शुरुआत होगी।

अमित शाह ने कहा कि आने वाले महानगरपालिका और स्थानीय नगर निगम चुनाव में विधानसभा से भी बड़ी जीत बीजेपी की होनेवाली है।अमित शाह ने उद्धव ठाकरे पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे जो झूठ फ़रेब कर, बालासाहब के विचार त्याग कर सीएम बने, उन्हें उनकी जगह दिखाने का काम जनता ने



कर दिया है। जो सत्ता में आने के सपने देख रहे थे उनके सपनो को चकना चूर किया इसके साथ हिंदुत्व और मोदी जी के विकास की राजनीति का साथ दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी के साथ सच्ची शिवसेना और सच्ची एनसीपी को बड़ी जीत मिली है। शरद पवार की राजनीति को करारा जवाब मिला है। परिवार वाद की राजनीति करनेवालों को तमाचा लगाया है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जानता ने शरद पवार उद्धव ठाकरे को घर बिठाने का काम किया। महाराष्ट्र की जनता ने इस पर मुहर लगाई है कि महाराष्ट्र सनातन संस्कृति को मानता है । अमित शाह ने कहा कि हमारे चुनाव जीतने की नींव हमारा मज़बूत संगठन है। देवेंद्र फड़नवीस को दूसरी पूरी टर्म मिली है और वे नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर किसानों के खेत तक पानी पहुंचाएगी। अब हम अगली बार वोट मांगने आएंगे तो हर किसान के खेत तक पानी पहुंचा होगा ।

## 100 सालों से कुंभ में आ रहे 128 साल के शिवानंद

### स्वामी शिवानंद सरस्वती बताई अपनी दिनचर्या

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ की औपचारिक शुरुआत होने में बेहद कम समय ही शेष रह गया है। कल यानी 13 फरवरी से महाकुंभ 2025 शुरू हो रहा है। इसके शुरू होने से पहले ही कई संत, साधु, श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। इस बीच 128 वर्ष की आयु में स्वामी शिवानंद सरस्वती महाकुंभ में श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं तथा अपनी उल्लेखनीय जीवन गाथा और सरल किन्तु गहन दर्शन से अनेकों को प्रेरित कर रहे हैं। बता दें कि स्वामी शिवानंद पिछले 100 सालों से कुंभ मेले में आते रहे हैं और हर मौके पर पवित्र स्नान करते हैं। वे इस भव्य आयोजन में दर्शन और स्नान के लिए आते रहे हैं।

स्वामी शिवानंद की शिष्याओं में से एक शर्मिला सिन्हा ने बताया कि स्वामी शिवानंद पिछले 100 वर्षों से कुंभ मेले में आते रहे हैं और प्रत्येक अवसर पर पवित्र



स्नान करते रहे हैं। उन्होंने कहा, ÷मैं बाबा को बचपन से जानती हूं। उनकी जीवनशैली बहुत ही सरल है। वे सभी को प्रणाम करते थे। लोग बाबा से किसी सांसारिक चीज की परवाह नहीं करते। वे दान नहीं लेते और वे किसी से भी दान लेते हैं। बाबा ने 1977 तक पैसे को हाथ नहीं लगाया था।÷

गौरतलब है कि स्वामी शिवानंद सरस्वती योग गुरु हैं जो काशी के घाटों पर योग का अभ्यास और शिक्षा देते रहे हैं। उन्हें 21 मार्च 2022 को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। आज तक, वह यह पुरस्कार पाने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा, ÷जब महाकुंभ में आने वाले लोग 128 वर्ष की आयु में बाबा के दर्शन करेंगे तो उन्हें प्रेरणा मिलेगी। बाबा पिछले 100 वर्षों से कुंभ मेले में आ रहे हैं और हर कुंभ में स्नान करते रहे हैं। स्वामी शिवानंद अपनी असाधारण लंबी आयु का श्रेय इच्छाओं से मुक्त जीवन को देते हैं, जो पूरी तरह से दूसरों की सेवा के लिए समर्पित है। उनकी दिनचर्या में ध्यान, योग और बिना तेल, नमक या चीनी के उबले हुए भोजन का सादा आहार शामिल है। स्वामी शिवानंद सरस्वती ने कहा, मेरा जन्म नाम स्वामी शिवानंद है और मेरी जन्म तिथि 8 अगस्त, 1896 है। मैं हर कुंभ मेले में आता हूं क्योंकि वहां पवित्र लोग एकत्र होते हैं, इसलिए मैं आता हूं और उनके आशीर्वाद से लाभ उठाता हूं।

## ...तो चुनाव नहीं लड़ूंगा

### केजरीवाल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की झुग्गी बस्ती से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अरविंद केजरीवाल ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि हम शकुर बस्ती के रेलवे कैम्प के सामने खड़े हैं। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे इनका प्यार झुग्गी वालों के लिए बढ़ रहा है। बीजेपी के लोग झुग्गी वालो को



कीड़े-मकोड़े समझते हैं। इन्हें झुग्गी वालों से प्यार नहीं हैं। कल अमित शाह ने मेरे खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया। ऐसे शब्द जिससे किसी को भी शर्म आ जाए। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि ये (बीजेपी) लोग कहते हैं कि %जहां झुग्गी वहां मकान%, लेकिन किसका मकान ये नहीं बताया। ये झुग्गियों में अपने दोस्तों के मकान बनाना चाहते हैं। इनका दोस्त कौन है, सब जानते हैं। इसका मतलब है कि जहां झुग्गी वहां उनके बिल्डर दोस्तों के मकान। केजरीवाल ने कहा कि दस साल में इन्होंने सिर्फ 4700 मकान बनाए हैं, जो कि बहुत कम है। यही हाल रहा तो एक हजार साल लगेंगे पूरे मकान बनाने में। ये लोग मकान बनाना ही नहीं चाहते हैं। अगले 5 सालों में सभी झुग्गियों को तोड़ देंगे और लोगों को सड़क पर ला देंगे।

# 'मेरी पत्नी बहुत खूबसूरत है, उसे निहारना अच्छा लगता है'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने शनिवार को काम की क्वालिटी पर ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि काम की क्वालिटी पर ध्यान दें उसकी

### ● काम के घंटे पर छिड़ी बहस के बीच आनंद महिंद्रा ने ली चुटकी

मात्रा पर नहीं, क्योंकि 10 घंटे में दुनिया बदल सकती है। उन्होंने यह बयान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान दिया, जब उन्हें लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के अध्यक्ष एस. एन. सुब्रह्मण्यन के सप्ताह में 90 घंटे काम करने पर किए गए बयान को लेकर सवाल किया गया। पिछले वर्ष, इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति ने भी यह कहकर एक बहस छेड़ दी थी कि युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

दरअसल, एस. एन. सुब्रह्मण्यन ने कुछ दिन पहले टिप्पणी की थी कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए और रविवार को भी छुट्टी नहीं लेनी चाहिए। इस टिप्पणी से सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई थी। उनका कहना था, ÷आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं?÷ इस टिप्पणी से कई लोग असहमत हो गए थे। हालांकि, आनंद महिंद्रा ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बहस का ध्यान सिर्फ काम की मात्रा पर केंद्रित किया जा रहा है, जबकि असल मुद्दा काम की गुणवत्ता का है।

उन्होंने ने कहा, ÷मेरा कहना है कि हमें काम की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए, न कि काम की मात्रा पर। चाहे आप 40 घंटे, 70 घंटे या 90 घंटे काम करें, यदि आप 10 घंटे में दुनिया बदल सकते हैं, तो वही महत्व रखता है। काम की गुणवत्ता सबसे जरूरी है।÷ महिंद्रा ने कहा कि उनक हमेशा से मानना ??रहा है कि आपकी कंपनी में ऐसे लोग होने चाहिए जो समझदारी से निर्णय लें। तो सवाल यह है कि किस तरह का मस्तिष्क सही निर्णय लेता है? उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एक ऐसा मस्तिष्क होना चाहिए जो समग्र तरीके से सोचता हो, जो दुनिया भर से आने वाले सुझावों के लिए खुला हो।

**परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने पर जोर :** उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इंजीनियरों और एमबीए जैसी पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों को कला और संस्कृति का अध्ययन करना चाहिए ताकि वे बेहतर निर्णय ले सकें। महिंद्रा उन्होंने परिवार और मित्रों के साथ समय बिताने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा, ÷यदि आप घर पर समय नहीं बिता रहे हैं, यदि आप मित्रों के साथ समय नहीं बिता रहे हैं, यदि आप पढ़ नहीं रहे हैं, यदि आपके पास चिंतन-मनन करने का समय नहीं है, तो आप निर्णय लेने में सही इनपुट कैसे लाएंगे?÷

## आनंद विहार स्कूल में विदाई समारोह



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** आनंद विहार स्कूल भोपाल में कक्षा 11वीं के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। निरंतर थीम पर आधारित इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दीं और कक्षा 12वीं के छात्रों को उनकी प्रतिभा और व्यक्तित्व के अनुरूप विशेष टाइटल्स से सम्मानित किया। हर्ष शुक्ला और रिचा भंडारी को मिस्टर और मिस एवीएस चुना गया। प्रियांश व्यास और नवीना को मिस्टर और मिस रेगुलर का खिताब मिला। अमन शर्मा, मानस गुप्ता, खुशी बारस्कर और पलक माच्छीवाल को मिस्टर-मिस सिंसियर चुना गया। अन्य प्रमुख टाइटल्स में वीर मनावत और जया पटेल को मिस्टर-मिस अकैडमिक, पार्थ बाहयरे और मानवी यादव को मिस्टर-मिस ऑल राउंडर, यश दुबे और कृति शुक्ला को मिस्टर-मिस ईव तथा सौम्य फड़नवीस और प्रथा खंडेलवाल को मिस्टर-मिस रिस्पेक्टफुल चुना गया। कार्यक्रम में वनिता समाज प्रेसिडेंट अर्चना बागची, विद्यालय की चेयरपर्सन मधु सरन, सेक्रेटरी जीवन राव और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश झोपे ने छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समारोह का समापन स्वादिष्ट भोजन के साथ हुआ।

## लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के श्रमिकों ने शनिवार को देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई। पिपलानी स्थित शास्त्री पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां श्रमिक नेता दीपक गुप्ता ने शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में गुप्ता ने शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक जीवन में सादगी का सबक शास्त्री से सीखें। देश के प्रधानमंत्री रहते हुए भी शास्त्री ने सादगीपूर्ण जीवन जिया। उनकी ईमानदारी का उदाहरण देते हुए गुप्ता ने बताया कि एक बार जब उनके बेटे ने उनकी अनुपस्थिति में सरकारी वाहन का उपयोग किया, तो वापस लौटने पर उन्होंने अपने वेतन से पूरा भुगतान किया। शास्त्री के %जय जवान जय किसान के नारे का स्मरण करते हुए उन्होंने बताया कि जब देश में अन्न की कमी थी, तब उन्होंने देशवासियों से एक वक्त का भोजन त्याग देने की अपील की थी, जिसका लोगों ने सम्मान किया। शास्त्री मार्केट के वरिष्ठ समाजसेवी योगेंद्र कौशल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पीएन उपाध्याय, भारत सोलंकी, लोकेंद्र शेखावत, नरेश जादौन, हरिराम प्रजापति, नारायण बरखानिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## भोपाल की छात्रा का गणतंत्र दिवस परेड में चयन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रतनपुर की छात्रा अनुभूति पांडे को नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में प्रदर्शन का मौका मिलेगा। कक्षा 9वीं की छात्रा अनुभूति, जो 2 एमपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी की कैडेट हैं, भोपाल एयरविंग से सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए चुनी जाने वाली एकमात्र प्रतिभागी हैं। एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नृत्यांगना अनुभूति ने एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर रोज़ टॉम और एनसीसी अधिकारी वायलेट ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए अनुभूति को शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 2023 में, इसी विद्यालय की छात्रा खुशी महावर को मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट का सम्मान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्राप्त हुआ था। कार्मल कॉन्वेंट के लिए यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उनकी छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं।

## बिजली पेंशनर्स महासंघ का नववर्ष मिलन समारोह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के बिजली नगर कॉलोनी स्थित बिजली महासंघ कार्यालय में शुक्रवार को जिला पेंशनर्स महासंघ का नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने की। कार्यक्रम में डॉ. विजय जैन ने धारा 49 को हटाने और बीमा पॉलिसी के शीघ्र आदेश की मांग पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ओपी कौशल ने सभी का आभार व्यक्त किया। समारोह में मध्य प्रदेश के अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, महामंत्री डॉ. विजय जैन, कोषाध्यक्ष नेमी कुमार जैन, गुप्ता, शरद सराठे, मोहन सिंह कुशवाह, विनोद शर्मा, नर्मदापुरम से दीवान और राजगढ़ से गोपाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बिजली कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्य शक्तियां पहुंचाएंगी मंज़िल तक : राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ब्लाइंड चैलेंज कार रैली का आयोजन अद्भुत प्रसंग है। कार रैली में दिव्यांग नेवीगेटर, अपनी दिव्य शक्तियों से वाहन चालक को रास्ता बताकर मंज़िल तक पहुंचाएंगे। दिव्यांगजनों की शक्तियों से समाज का साक्षात्कार कराएंगे।

राज्यपाल श्री पटेल आरुषि संस्था की 20 वीं ब्लाइंड चैलेंज कार रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शुभारंभ कार्यक्रम में भारत माता की जय और वंदे मातरम के जय घोष से रैली में ऊर्जा का संचार करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने डी.बी. मॉल परिसर में आयोजित शुभारंभ कार्यक्रम में कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए आरुषि संस्था के प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल श्री पटेल का संस्था की बालिका सुश्री स्तुति दोशी ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के डायरेक्टर डॉ. अमिताभ पाण्डे ने शॉल और स्मृति चिन्ह् भेंट कर अभिनन्दन किया। बालिका सुश्री स्नेहा ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में आरूषि संस्था के डायरेक्टर श्री अनिल मुदगल, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री दिलीप सूर्यवंशी, कार रैली के दिव्यांग नेविगेटर, वाहन चालक, अन्य प्रतिभागी और उनके परिजन उपस्थितथे।




## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ का कटनी में सम्मेलन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला सम्मेलनों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कटनी में सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें संघ ने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। सम्मेलन में स्थाईकर्मी, अंशकालीन कर्मचारी, रसोईया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एवं कोटवारों की मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। यहां मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आंदोलन में शामिल होने का भी निर्णय लिया गया।

संघ के कटनी जिला शाखा अध्यक्ष पूर्णेश उइके के नेतृत्व में आयोजित सम्मेलन में जिले के सभी तहसील, ब्लाक एवं विभागीय समितियां के अध्यक्ष उपस्थित रहे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने चार चरणों में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। कटनी सहित प्रदेशभर के कर्मचारियों को मोर्चा के इस आंदोलन को सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि 48 मांगों को लेकर मोर्चा ने आंदोलन का ऐलान किया है। मोर्चा के घटक संघ 16 जनवरी को होने वाले पहले चरण के आंदोलन को प्रभावी बनाएं। शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य रूप से लघु वेतन कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। सम्मेलन में संघ के संरक्षक चुरामन रैकवार, महामंत्री अजय कुमार दुबे, अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के कटनी जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार तिवारी, भोपाल के वरिष्ठ कर्मचारी नेता महेंद्र सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष कमलेश पटेल, मैहर जिला अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, सागर संभागीय अध्यक्ष थान सिंह, जबलपुर संभागीय अध्यक्ष विपिन पिपरे, उप प्रांताध्यक्ष बिरजू जाटव एवं अजय कुमार गौतम सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

## मंत्रालय के सुरक्षाकर्मियों को मिली जीवनरक्षक ट्रेनिंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल स्थित मंत्रालय और प्रशासनिक भवनों में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार को विंध्याचल और सतपुड़ा भवन में तैनात सुरक्षा कर्मियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण किरण फाउंडेशन के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त अविनाश शर्मा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. राकेश भार्गव, डॉ. उमेश पटेल और डॉ. जेपी चौरसिया ने सुरक्षाकर्मियों को सीपीआर की महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि हार्ट अटैक जैसी आपातकालीन स्थिति में सीपीआर देकर किसी की जान बचाई जा सकती है। यह एक प्राथमिक उपचार है, जो मरीज को अस्पताल पहुंचने तक का समय प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षाकर्मियों को मानव डमी पर सीपीआर देने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया



गया। विशेषज्ञों ने बताया कि ड्यूटी के दौरान आपातकालीन स्थितियों में यह कौशल किसी की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम में वल्लभ भवन, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। काउंसलर रवि कनौजिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मानसरोवर युवा महोत्सव में छात्रों का उत्साह



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा आयोजित युवा महोत्सव 2025 में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 10 और 11 जनवरी को आयोजित इस महोत्सव में चित्रकला, क्राफ्ट, डिजिटल क्रिएटिविटी और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डिजिटल क्रिएटिविटी में मानसरोवर के निशांत गोस्वामी ने बाजी मारी। वहीं युवा संवाद में तनीषा जैन, युवा क्राफ्ट प्रतियोगिता में रूही अग्रवाल और पेंटिंग कॉम्पिटिशन में श्री साई इंस्टीट्यूट के अचल देवीदास ने प्रथम स्थान हासिल किया। युवा संवाद प्रतियोगिता में गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की तनीषा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज के शशांक भालके और श्री साई आयुर्वेद कॉलेज की प्रेरणा सक्सेना ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। युवा क्राफ्ट प्रतियोगिता में श्री साई इंस्टीट्यूट की रूही अग्रवाल प्रथम, मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज की स्नेहल सबनवार द्वितीय और मानसरोवर डेंटल कॉलेज की सलोनी गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। डिजिटल क्रिएटिविटी में मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के निशांत गोस्वामी ने बाजी मारी। पेंटिंग कॉम्पिटिशन में श्री साई इंस्टीट्यूट के अचल देवीदास प्रथम, एमएएमसीएच एंड आरसी के पंकज सिन्हा द्वितीय, मानसरोवर डेंटल कॉलेज के केशव पाटीदार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं रूपेश कांबले और साक्षी बघेल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को 12 जनवरी को नगद पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन दिवस पर योगाभ्यास के साथ शुरुआत होगी, जिसके बाद दिव्य प्रकाश दुबे की स्टोरीबाजी और मोहित शेवानी द्वारा श्री राम मंदिर की गाथा प्रस्तुत की जाएगी। राहगीर बैंड, कबीर कैफे और युग्म बैंड की विशेष प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी।

## नर्सिंग छात्रों को मिली आदिवासी संस्कृति की जानकारी



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के राधारमण नर्सिंग कॉलेज के बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष और जीएनएम द्वितीय वर्ष के छात्रों ने जनजातीय संग्रहालय (वीथी संकुल) का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को आदिवासी जीवन, संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान कॉलेज की नर्सिंग ट्यूटर प्रीति मंडोली और श्रद्धा ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संग्रहालय में प्रदर्शित वस्तुओं के महत्व और इतिहास की विस्तृत जानकारी छात्रों को प्रदान की। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. वेनिस मारिया डेविड ने इस भ्रमण को छात्रों के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण न केवल छात्रों के व्यवसायिक ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के प्रति संवेदनशील भी बनाते हैं।

# मिस्टर और मिस सेंटपॉल के खिताब से तन्मय और श्रेया सम्मानित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भोपाल के सेंट पॉल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह अद्वियो 2024-25 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निवर्तमान बैच के छात्रों ने अपने स्कूली जीवन की यादगार पलों को एक बार फिर से जीया।

12वीं के छात्रों को उनकी उपलब्धि के आधार पर विभिन्न टाइटल देकर सम्मानित किया गया। तन्मय सिंह पवार को %मिस्टर सेंटपॉल% और श्रेया शुक्ला को %मिस सेंटपॉल% का खिताब मिला।

समारोह की शुरुआत प्रार्थना गीत से हुई, जिसमें ईश्वर की उपस्थिति का आह्वान किया गया। प्राचार्य फ़ादर जयसन, मैनेजर फ़ादर सेबेस्टियन, उपप्राचार्य फ़ादर थॉमस और सेक्शन इंचार्ज ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनकी




सफलता की कामना की। कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह में चार चाँद लगा दिए। इनमें खूबसूरत गीतों और नृत्य ने स्कूल की ऊर्जा और जोश को बखूबी दर्शाया। विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न उपाधियां दी गईं, जो उनके अद्वितीय गुणों और उपलब्धियों का प्रमाण थीं।

इस अवसर पर कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विशिष्ट खिताब से नवाजा गया। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए महक साहू, रोशनी तिवारी, कपिल मेहरा और एम जे मेघना को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मिस्टर ईव कार्तिक वर्मा, मिस ईव सैजल पठानिया, मिस्टर टेलेंट एरॉन रेजी, मिस टेलेंट गौरी जगदीश और सेंटपॉल टार्चबियर आस्था स्वामी को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य फ़ादर जयसन ने विद्यार्थियों को सफलता के सूत्र दिए और कहा कि जीवन में हमेशा सीखने की प्रक्रिया को जारी रखें। उन्होंने ईमानदारी, परिश्रम और विवेक के साथ उच्च स्थान प्राप्त करने की सलाह दी और सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का समापन शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच हार्दिक शुभकामनाओं के आदान-प्रदान के साथ हुआ। विदाई समारोह में छात्रों की आंखों में भविष्य के प्रति उत्साह और स्कूल छोड़ने का गम दोनों देखा गया। यह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिक विदाई था, बल्कि स्कूली जीवन से आगे के सफर की शुरुआत का प्रतीक भी था। स्कूल प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

# स्पेक्ट्रम में सागराइट्स ने प्रदेश की धरोहर को किया जीवंत

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** सागर पब्लिक स्कूल रातीबड़ ने एनुअल एग्जीबिशन स्पेक्ट्रम का आयोजन किया। मध्य प्रदेश थीम पर आधारित इस एग्जीबिशन में राज्य की समृद्ध संस्कृति और सागराइट्स की शैक्षणिक प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन हुआ। यह आयोजन राज्य की कला, परंपरा और शिक्षा का ऐसा संगम था, जिसने उपस्थित सभी लोगों को प्रेरित किया। एग्जीबिशन के सांस्कृतिक खंड में सागराइट्स ने मध्य प्रदेश की पारंपरिक कला और संगीत को खूबसूरती से प्रस्तुत किया। वारली और भील चित्रकला जैसी प्रसिद्ध कला शैलियों ने दर्शकों को मोहित किया, वहीं चंदेरी और महेश्वरी साड़ियों का प्रदर्शन राज्य की वस्त्र परंपरा को जीवंत कर गया। लोकनृत्य और गीतों ने उपस्थित लोगों को राज्य की जीवंत परंपराओं से जोड़ दिया। खाद्य खंड में पोहा और दाल-बाटी जैसे स्थानीय व्यंजनों का स्वाद



चखने का अवसर भी मिला, जिसने राज्य की खानपान संस्कृति का आनंद बढ़ा दिया।

शैक्षणिक खंड में सागराइट्स ने विज्ञान, भूगोल और साहित्य के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन किया। सौर ऊर्जा से चलने वाले मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व पर जागरूकता बढ़ाई। भूगोल खंड में मध्य प्रदेश के प्रमुख स्थलों और भौगोलिक विशेषताओं का प्रभावशाली चित्रण किया गया। साहित्य खंड में माखनलाल चतुर्वेदी और सुभद्राकुमारी चौहान जैसे कवियों के साहित्यिक योगदान को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया। सागराइट्स ने राज्य की जैव विविधता, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक विकास परियोजनाओं को भी अपने प्रोजेक्ट्स के माध्यम से प्रदर्शित किया। स्पेक्ट्रम एग्जीबिशन सागराइट्स और दर्शकों के लिए एक ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ। यह आयोजन न केवल संस्कृति और शिक्षा का उत्सव था, बल्कि सागराइट्स को अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को गर्व के साथ प्रस्तुत करने का मंच भी प्रदान करता है।

स्पेक्ट्रम ने सागर पब्लिक स्कूल की समृद्ध परंपरा और सागराइट्स की प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने भी एग्जीबिशन की जमकर सराहना की।

# युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का हुआ आयोजन

## शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में करें शामिल: विधायक

### जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक: सांसद





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 के मैदान में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में माँ सरस्वती एवं भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित करने वाले स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म-दिवस "युवा दिवस'' के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों तथा शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उ मा वि क्र 1 में आयोजित जिलास्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, पार्षद आंनद परियानी, बाबूलाल कुशवाहा, सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, डीपीसी राजेश तिवारी, एपीसी डॉ सुजीत मिश्रा, समाजसेवी के के तिवारी, देवेंद्र तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ समाजसेवी, अधिकारी, कर्मचारी, पत्रकार बंधु एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो में दिए गए उद्बोधन के अंश प्रसारित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का युवाओं के प्रति संदेश का प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री ने छात्र छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।

सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि जीवन में किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए स्वस्थ शरीर का होना अत्यंत आवश्यक है। योग और प्राणायाम न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं बल्कि नई ऊर्जा का संचार भी करते हैं। सही दिनचर्या, योग और संतुलित आहार स्वस्थ जीवन का असली आधार है। श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद जी ने अपने ज्ञान, अध्यात्म और कर्मयोग के माध्यम से न केवल भारत बल्कि समस्त विश्व को जागृत किया। उन्होंने भारत की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना को सदैव अग्रणी रखा।

'राष्ट्रीय युवा दिवस' के इस पावन अवसर पर, उनके आदर्शों और विराट जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण के प्रति अपने समर्पण को और अधिक सशक्त करें। स्वामी विवेकानंद जी भी शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते थे। उनका कहना था कि शरीर स्वस्थ होगा तभी आप आध्यात्म की प्राप्ति कर सकते हैं। इसलिए उनकी जयंती के अवसर को युवाओं को प्रेरणा देने के उद्देश्य से सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम का आयोजन किया जाता है। यह प्रतीकात्मक है। हमें योग एवं प्राणायाम को अपने दिनचर्या में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार इसलिए करते हैं जिससे कि हमें आयु बल और ऊर्जा प्राप्ति हो। सूर्य नमस्कार से बुद्धि चेतना का विकास होता है। सभी सुबह उठकर कार्य प्रारंभ करने से पहले सूर्य नमस्कार आवश्यक रूप से करें। स्वामी विवेकानंद के नाम से ही युवाओं में तरंग उत्पन्न हो जाती है। सांसद ने युवाओं से अपील की है कि वह स्वामी विवेकानंद जी के दिखाए रास्ते पर चलें और विश्व के कल्याण के लिए अपना योगदान दें।

विधायक सीधी पाठक ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के अवसर पर सभी सामूहिक सूर्य नमस्कार में एकत्रित हुए हैं। युवा शक्ति को राष्ट्र की मूलभूत चेतना और समाज निर्माण की ऊर्जा मानने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर उनके चरणों में शत-शत नमन। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा पीढ़ी की क्षमता को जाना, समझा और ज्ञान पर ध्यान का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने युवाओं के लिये अनुशासन, शील, सकारात्मकता, कौशल क्षमता और प्रतिभा के विकास का आह्वान किया। इसका उद्देश्य युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। यह मिशन शहरी तथा ग्रामीण, पिछड़े और आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के कल्याण के लिये है। इसमें महिलाओं, दिव्यांग, युवाओं और किसानों को सशक्त बनाने का प्रयास है। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि योग जीवन में उतारना आवश्यक है जिससे तन, मन और सोच का विकास होगा। अपने दिनों की शुरुआत योग के साथ करें। उन्होंने योग महत्व को बताते हुए युवाओं को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। सशक्त, क्षमतावान और आत्मनिर्भर युवाओं का प्रदेश बनेगा मध्यप्रदेश जिसमें आप सभी का योगदान आवश्यक है।

## हजारों छात्रों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

# स्वामी विवेकानंद के जीवन पर डाला प्रकाश, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



**मीडिया ऑडीटर, पन्ना (निप्र)।** पन्ना जिले में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 10:15 बजे तक चला, जिसमें छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार की 12 मुद्राओं का अभ्यास किया और प्राणायाम में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संदेश भी पढ़ा गया। कार्यक्रम का आयोजन न केवल जिला मुख्यालय में बल्कि जिले के विभिन्न विद्यालयों में भी किया गया।

इस अवसर पर शिक्षण संस्थानों में स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके आदर्शों पर आधारित विशेष शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और उनके विचारों से परिचित कराया गया, जिससे वे उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

# पत्नी ने शराब पी तो पति ने मार डाला

## लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर (निप्र)।** राजेंद्रग्राम पुलिस ने हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 8 जनवरी को पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी को शराब पीने की लत थी। कई बार मना करने के बाद भी उसने शराब पीना बंद नहीं किया था।

पुलिस के अनुसार, 8 जनवरी को मृतक के भाई ललन सिंह मरावी ने डायल 100 पर सूचना दी थी कि उसकी बहन सुधरतिया बाई की उसके पति अहिमान सिंह ने हत्या कर दी है। जांच में पता चला कि अहिमान सिंह ने अपनी पत्नी सुधरतिया बाई के शराब पीने से नाराज होकर उसे लात-घूंसों और डंडों से बुरी तरह पीटा था। जिससे उसके सिर, नाक और सीने में गंभीर चोटें आईं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण सिर में गंभीर चोट और अत्यधिक रक्तस्राव बताया गया है। पड़री भोईटोला निवासी आरोपी अहिमान सिंह ने पूछताछ में बताया कि वह जंगल से लकड़ी लेने गया था और लौटने पर देखा कि उसकी पत्नी ने शराब पी रखी है। इसके बाद उसने पत्नी की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय राजेंद्रग्राम में पेश करने के बाद आरोपी को जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया है।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में युवा दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास एवं शासकीय माध्यमिक शाला मड़वास के संयुक्त तत्वावधान में युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति की उपस्थिति में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। सामूहिक सूर्य नमस्कार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ रामधारी जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। सूर्य नमस्कार के बाद योग दिवस के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया।

युवा दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ आई पी प्रजापति के द्वारा युवा दिवस और योग के बारे में बताया गया। डॉ लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन के बारे बताया। शिक्षक धीरज नामदेव के योग के सम्बंध में अपनी बात रखी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ कमलेश जायसवाल डॉ ज्योति रजक माध्यमिक शिक्षक पराग दास साकेत अनिल केवट सहित महाविद्यालय के स्टाफएवं महाविद्यालय तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पटवारी को हटाने 20 बार मांग की, नाराज विधायक बोले- एसडीएम में इतना साहस नहीं कि एक पटवारी को हटा सकें



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान सिवाहल के विधायक विश्वामित्र पाठक और एसडीएम एसपी मिश्रा के बीच कहासुनी का वीडियो वायरल हुआ है। घटना 10 जनवरी की है। विधायक पाठक गांव में आयोजित एक शिविर में भाग लेने पहुंचे थे। जहां पर ग्रामीणों ने हल्का पटवारी जगदीश पटेल के खिलाफ शिकायत की थी। इसे लेकर ही विधायक विश्वामित्र पाठक एसडीएम एसपी मिश्रा पर भड़क गए। उन्होंने कहा- एसडीएम मिश्रा के पास साहस नहीं है, कि एक पटवारी को हटा सकें।

विधायक ने सैकड़ों ग्रामीणों के बीच एसडीएम को फटकारा

दरअसल, सीधी के सिहावल गांव में बीते 10 जनवरी को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया था। इसी शिविर में विधायक मिश्रा भी पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल जगदीश पटेल पर क्षेत्र में गैरमौजूद रहने और काम समय पर न करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि इस वजह से उन्हें बार-बार सीधी जाना पड़ता है।

इसे लेकर विधायक पाठक ने जब लेखपाल पटेल से पूछताछ की, तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस पर विधायक पाठक सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में एसडीएम मिश्रा को फटकार लगा दी। उन्होंने कहा- पटवारी को हटाने के लिए 20 बार मांग की, लेकिन एसडीएम में इतना साहस नहीं कि एक पटवारी को हटा सकें।

शिकायतकर्ताओं में ठाकुरदीन कोल, गोपाल शरण द्विवेदी, राजभर द्विवेदी और पूर्व सरपंच सहित कई प्रमुख ग्रामीण शामिल थे।

एसडीएम बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई

मामले पर एसडीएम एसपी मिश्रा ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने विधायक की शिकायत का संज्ञान ले लिया है और पटवारी को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। हम इस पूरे मामले की जांच कर रहे हैं और जो भी सही और सत्य जानकारी होगी उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# चौथी मंजिल से कूदी कॉलेज छात्रा, मौत

## बेटी से मिलने यूपी से आए थे माता-पिता, पुलिस ने मोबाइल किया जब्त




**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में एक छात्रा ने चौथी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। वह महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय में बीएससी माइक्रोबायोलॉजी की पढ़ाई कर रही थी। यहां किराए से रूम लेकर अकेले रहती थी। एक दिन पहले ही यूपी से उसके माता-पिता मिलने आए हुए थे।


श्घटना रविवार सुबह करीब 8 बजे की है। फिलहाल सुसाइड के कारण का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं।

**यूपी की रहने वाली थी छात्रा:** छात्रा दीक्षा (24) पिता सुरेश गुप्ता यूपी के राठ की रहने वाली थी। वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सिंचाई कॉलोनी में विजय जैन के मकान में रहती थी। रविवार सुबह उसने छत से छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मां गई थी टॉयलेट, बेटी छत पर पहुंची:** छात्रा के पिता सुरेश कुमार गुप्ता और मां इंद्राणी शनिवार रात को ही छतरपुर आए थे। छात्रा की मां ने बताया कि सुबह मैं टॉयलेट गई थी, तभी बेटी छत पर गई और नीचे कूद गई। जिला अस्पताल में डॉक्टर अभय सिंह ने बताया कि छात्रा को जब अस्पताल लाया गया तब उसकी मौत हो चुकी थी।

# शहडोल-बुढ़ार मार्ग पर कार और बाइक की टक्कर, युवक की मौके पर मौत, अपने घर जैतहरी जा रहा था





**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल-बुढ़ार मार्ग पर कंचनपुर के पास रविवार सुबह 10 बजे कार और बाइक की भिड़त हो गई। हादसे में बाइक सवार जितेंद्र कुमार जोगी (25) की मौके पर ही मौत हो गई। जितेंद्र शहडोल में अपने भाई से मिलकर अपने घर जैतहरी जा रहा था।

घटना में बाइक के कई टुकड़े हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा है। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हादसे के बाद शहडोल-बुढ़ार हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त बाइक को सड़क किनारे करवाया और यातायात सुचारू करवाया।

# नशे में कार चालक ने दो लोगों को मारी टक्कर

## 10 साल के बच्चे की मौत, एक घायल, आरोपी मौके से फरार



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में शनिवार की देर शाम सड़क हादसे में एक 10 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सलैया गांव की है। हादसे के बाद कार ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

मृतक की पहचान विकास पिता नत्थू गौड़ (10) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पन्ना जिले के खजरीकुडार गांव का रहने वाला था। विकास के माता-पिता राजस्थान में मजदूरी करते है। इसलिए वह पिछले तीन महीने से अपने मामा राकेश गौड़ के घर सलैया में रह रहा था।

**खेत से लौटते वक्त हुआ हादसा:** जानकारी के मुताबिक घटना के समय विकास खेत से घर लौट रहा था। इस दौरान बिजावर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार (यूपी 96 ई 8408) ने विकास और एक अन्य व्यक्ति को टक्कर मार दी। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां विकास की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

सटई थाना प्रभारी रूपनारायण पटेरिया ने बताया कि पुलिस ने कार को जब्त कर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार कार चालक शराब के नशे में था।

# इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 2100 दीप प्रज्वलन के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व भजन संध्या का आयोजन





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पहली वर्षगांठ पूर्ण होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंजीनियरिंग महाविद्यालय का आई एवं रीवा नगर कार्यकारिणी द्वारा इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 2100 दीप प्रज्वलन एवं महाविद्यालय परिषद स्थित मंदिर में सामूहिक 108 श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद जी की 76 वी जन्मजयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर कार्यकारिणी एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालय इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद पार्क में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष पुर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा दिखाए गए आदर्शों का पालन करने का संकल्प किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद जी की 76वीं जयंती को साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में 8 जनवरी से 14 जनवरी तक मना रहा है। जिसके अंतर्गत रीवा जिले में विभिन्न महाविद्यालयों में संगोष्ठी राष्ट्रीय कला मंच एवं खेलो भारत के तहत खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से महान पुरुषों एवं वीरवीरांगनाओं की जयंती एवं जन्मोत्सव को महाविद्यालय में छात्रों के बीच जाकर संगोष्ठी एवं खेलकूद के माध्यम से मनाता आ रहा है जिससे विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्रों को वीर पुरुषों के जीवन गाथाओं के बारे में एवं उनके किए गए नेक कार्य एवं उनके गौरवशाली इतिहास के बारे में छात्रों को पता चले जिससे सभी छात्र प्रेरित होकर अपने आगामी जीवन में महान पुरुषों को अपना आदर्श मानकर देश का गौरव बढ़ाने में सहायक बने कार्यक्रम में मुख्य रूप से रीवा जिला संयोजक पी एन पांडे, कृति तिवारी, ओम गुप्त, पवन द्विवेदी, नगर सह मंत्री अभिषेक सिंह,ऋषभ तिवारी, मयंक सिंह चंदेल, शिवानी सिंह वेद विश्वकर्मा, आयुष ओझा अस्तित्व सिंह, दीपक प्रजापति, सेजल, शिवेंद्र सिंह, निखिल सिंह, अनिकेत कुमार, पुलकित तिवारी, आयुष विश्वकर्मा, दिशा, उन्नति सिंह, श्रेयातिवारी, मुदित सिंह, लव पांडे आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय मझौली में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा मध्य प्रदेश गान से की गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गीता भारती ने अपने वक्तव्य में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्रदान करते हैं एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने की ओर प्रेरित करते हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर स्थापित कर समूचे विश्व में देश का मान बढ़ाया है। उनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इसके बाद महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में सन 1893 में शिकागो में विश्व धर्म संसद में हिंदू धर्म एवं भारतीय आध्यात्मिकता पर स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए भाषण एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रिकॉर्डिंग संदेश का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

# अब तक साढ़े 10 लाख क्विंटल धान खरीदी

## 128.37 करोड़ भुगतान जारी, 70% से ज्यादा भंडारण पूरा



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी जिले में इस साल धान खरीदी का नया रिकॉर्ड बना है। जिले के 44 खरीदी केंद्रों पर कुल पंजीकृत 24,778 किसानों में से 18,111 किसानों ने अब तक अपनी फसल बेची है। 9 जनवरी तक कुल 10 लाख 51 हजार 650 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।

किसानों को भुगतान के लिए कुल 241.88 करोड़ रुपए में से अब तक 128.37 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। शेष 113.51 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों के बैंक खातों में जल्द ही किया जाएगा। फूड इंस्पेक्टर संदीप तिवारी के अनुसार, भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

खरीदी गई कुल धान में से 6 लाख 83 हजार 793.11 क्विंटल (70.18%) धान को पहले ही गोदामों में सुरक्षित रखा जा चुका है। शेष 3 लाख 67 हजार 857.77 क्विंटल धान का परिवहन कार्य चल रहा है। फूड इंस्पेक्टर ने मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए शेष धान को जल्द से जल्द गोदामों में भंडारित करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि अभी भी 6,667 पंजीकृत किसान हैं, जिन्होंने अपनी धान की फसल नहीं बेची है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सभी किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है।

# विचार

## इंडिया गठबंधन की कब्र पर खड़ा होगा तीसरा मोर्चा, लेकिन चलेगा कितने दिन?

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान जो राजनीतिक बयानबाजियां होती दिखाई दे रही हैं, उससे साफ है कि जहां इंडिया गठबंधन अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, वहीं एनडीए गठबंधन पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। इसके अलावा, एक खास लक्षण यह भी दिखाई दे रहा है कि भारतीय राजनीति में कभी कद्दावर समझा जाने वाला कांग्रेस-भाजपा विरोधी तीसरा मोर्चा एक बार फिर से अपना नया आकार ग्रहण कर रहा है। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस जहां अलग--थलग पड़ चुकी है, वहीं दिल्ली-पंजाब जैसे राज्यों में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के पक्ष में समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी, एनसीपी शरद पवार जैसे क्षेत्रीय दल कांग्रेस विरोधी एकजुटता दिखा रहे हैं। इससे लोगों में यह संदेश जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में सियासी लड़ाई सत्तारूढ़ पार्टी आप और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के बीच ही होगी। जिसमें अभी तक आप का पलड़ा भारी है, क्योंकि वह सेक्यूलर और हिंदूवादी दोनों सियासी पिच पर ताबड़तोड़ बैटिंग कर रही है, जिससे चुनावी समां बंधती जा रही है। वहीं, कांग्रेस पूरे दमखम से चुनाव लड़ रही है जिससे धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय से जुड़े वोटों में बिखराव तय है। इससे आप को या तो भाजपा के हाथों सत्ता गंवानी पड़ सकती है, या फिर सूबे में सरकार बनाने को लेकर कांग्रेस के रहमोकरम पर निर्भर रहना पड़ सकता है। क्योंकि जब भी त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति आती है तो सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। शायद यही वजह है कि सेक्यूलर सियासत करने के बावजूद आप हिंदूवादी मुद्दों को भी लपक रही है और हिंदुओं को फायदे पहुंचाने वाले फैसले कर रही है, ताकि जो हिन्दू भाजपा-कांग्रेस से नाराज हैं, वो आप की छतरी तले खुद को महफूज समझें। दरअसल, आप को आशंका है कि यदि राष्ट्रीय राजनीतिक ट्रेंड के मुताबिक मुसलमान कांग्रेस के पक्ष में चले जायेंगे और उसकी प्रतिक्रिया में हिन्दू भाजपा की ओर चले जायेंगे तो उसे भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि यदि क्षेत्रीय दल परस्पर एकजूट होकर तीसरा मोर्चा पुनः बना लेते हैं तो लोकसभा चुनाव 2029 की राजनीतिक लड़ाई भी त्रिकोणीय हो जाएगी। इससे जहां भाजपा फायदे में रहेगी, वहीं कांग्रेस को कुछ राज्यों में भारी चुनावी नुकसान भी झेलना पड़ सकता है।

# ज्ञान चक्षु खोलने में समर्थ है विवेकानंद जी का जीवन

**डॉ. वंदना सेन**

**वर्तमान में जिस प्रकार से देश प्रगति कर रहा है, उसी प्रकार से कुछ लोग भारतीयता से दूर भी होते जा रहे हैं। हालांकि इस निमि कई संस्थाएं भारतीय संस्कारों को जन जन में प्रवाहित करने के लिए प्रयास कर रही हैं। यही कार्य भारत के संत मनीषियों ने किया था, जिसके चलते संपूर्ण विश्व ने भारतीय दर्शन का साक्षात्कार किया। अमेरिका के शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी ने जिन प्रेरक शदों का प्रवाह प्रसारित किया, उससे उस समय विश्व के अनेक आध्यात्मिक मनीषी आप्लावित होते दिखाई दिए। एकाग्रचिा होकर श्रवण किया गया स्वामी विवेकानंद जी का यह संबोधन एक ऐसे मार्ग का दर्शन कराता है, जो व्यक्ति और राष्ट्र को सकारात्मक बोध कराने वाला था। स्वामी विवेकानंद जी के वे विचार न केवल भारतीय ज्ञान की पताका फहराने वाले थे, बल्कि उस भाव का भी प्रकटीकरण करने में समर्थ थे, जहां भारत के विश्व गुरु होने के प्रमाण प्रस्फुटित होते हैं।**



स्वामी विवेकानंद का शिकागो व्याख्यान एक ऐसा दर्शन था, जिसमें भारत के वसुधैव कुटुंबकम का भाव समाहित है। विश्व के किसी भी दर्शन में संपूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की परंपरा और विचार परिलक्षित नहीं होता, लेकिन भारत की संस्कृति में यह दर्शन पुरातन काल से समाहित है। विश्व के सबसे पुराने प्रामाणिक ग्रंथों में भारत का मूल समाया हुआ है। इसी मूल को स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका की धरती पर फैलाने का सफल प्रयास किया। हम जानते हैं कि अच्छे विचार को जन-जन में प्रवाहित करने के लिए कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है। शिकागो में जाने के लिए स्वामी विवेकानंद जी ने भी अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा। हालांकि भगवान की कृपा से यह समस्याएं दूर होती चली गई और स्वामी विवेकानंद जी अपने संकल्प को प्रवाहित करने के लिए धर्म सम्मेलन में सम्मिलित अनेक विद्वानों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किए थे। विद्वानों के समक्ष जब विवेकानंद जी ने अपने हृदय को खोलते हुए पूरे मन से कहा मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों। इस शब्द ने जिस आत्मीयता का बोध कराया, जिस अपनेपन का एहसास कराया, वह वहां उपस्थित मनीषियों के लिए एक नई बात थी। उन्होंने इस प्रकार की कल्पना भी नहीं की और ना उनके दर्शन में ऐसा था। विवेकानंद की वाणी सबके हृदय को छूने वाली थी, सब सबके हृदय में हर्दियंगम होने वाली थी। इसीलिए प्रारंभिक शब्दों को सुनने के बाद पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो गया। इन तालियों में ही स्वामी विवेकानंद जी को जितना समय दिया गया था, वह समय निकल गया, लेकिन स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को सुनकर वहां उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग ने स्वामी विवेकानंद जी को और ज्यादा समय देने को कहा। उसके बाद स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय दर्शन पर आधारित भारतीय संस्कारों से समाहित ऐसा प्रबोधन दिया, जो सबके लिए नया था। यही भारतीय संस्कृति का स्वरूप है। उस समय संपूर्ण विश्व के मनीषियों ने यह स्वीकार किया कि वास्तव में भारत ज्ञान के मामले में विश्व गुरु है।

शिकागो व्याख्यान के प्रारंभ में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है। मैं दुनिया की सबसे पुरानी संत परंपरा और सभी धर्मों की जननी की तरफ से आप सभी को धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों, संप्रदायों के लाखों करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं। अपने व्याख्यान में स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं जिस तरह अलग-अलग जगहों से निकली नदियां अलग-अलग रास्तों से होकर आखिरकार समुद्र में मिल जाती हैं। ठीक उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा से अलग-अलग रास्ते चुनता है। यह रास्ते देखने में भले ही अलग-अलग लगते हों, लेकिन यह सब ईश्वर तक ही जाते हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि विश्व के सभी धर्मों की एक ही उपयुक्त राह है कि हम ईश्वर की प्राप्ति में लग जाएं।

स्वामी विवेकानंद जी की वाणी भारतीयता से ओतप्रोत थी। विवेकानंद जी जब भी बोलते थे, उनके एक एक शब्द में भारत का प्रस्फुटन होता था। वे निश्चित रूप से उस भारतीय संस्कृति के संवाहक थे, जो समस्त विश्व के दिशादर्शक हैं। तभी तो वे कहते थे कि भारतीय संस्कृति केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक प्रगति का आधार है। वर्तमान समय में भी स्वामी विवेकानंद जी विचार उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पुरातन काल में होते थे। स्वामी जी युवाओं को शक्तिशाली बने रहने का भी उपदेश देते थे। उनका मानना था कि जिस देश का युवा निर्बल और शक्तिहीन होगा, वह राष्ट्र कभी शक्ति संपन्न नहीं हो सकता।

हिंदुत्व के बारे में स्वामी विवेकानंद जी की स्पष्ट धारणा थी। वे अपनी वाणी के माध्यम से यह भी कहते थे कि तुम तब और केवल तब ही हिन्दू कहलाने के अधिकारी हो, जब इस नाम को सुनने मात्र से तुम्हारे शरीर में विद्युत प्रवाह की तरह तरंग दौड़ जाए और हर व्यक्ति सगे से भी ज्यादा पसंद आने लगे। स्वामी विवेकानंद जी सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार की तरह ही देखते थे। शिकागो में स्वामी विवेकानंद जी का प्रबोधन इसी भाव धारा का प्रवाहन था। जिसकी गूंज आज भी ध्वनित होती रहती है।

स्वामी विवेकानंद जी ने भारत के बारे में तीन अति महत्व की भविष्यवाणी की थीं। 1890 के दशक में उन्होंने कहा था कि भारत अकल्पनीय परिस्थितियों के बीच अगले 50 वर्षों में ही स्वाधीन हो जाएगा। जब उन्होंने यह बात कही तब कुछ लोगों ने इस पर ध्यान दिया। उस समय ऐसा होने की कोई संभावना भी नहीं दिख रही थी। ऐसी पृष्ठभूमि में स्वामी विवेकानंद जी की यह सत्य सिद्ध दी हुई। विवेकानंद ने ही एक और भविष्यवाणी की थी जिसका सत्य सिद्ध होना शेष है। उन्होंने कहा था भारत एक बार फिर समृद्धि तथा शक्ति की महान ऊँचाइयों पर उठेगा और अपने समस्त प्राचीन गौरव को पीछे छोड़ जाएगा।

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अतीत से ही भविष्य बनता है। अत- यथासंभव अतीत की ओर देखो और उसके बाद सामने देखो और भारत को उज्ज्वल तक पहले से अधिक पहुंचाओ। हमारे पूर्वज महान थे। हम भारत के गौरवशाली अतीत का जितना ही अध्ययन करेंगे हमारा भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। भारत में श्रीराम, कृष्ण, महावीर, हनुमान तथा श्री रामकृष्ण जैसे अनेक ईष्ट और महापुरुषों के आदर्श उपस्थित हैं। महापुरुषों में संपूर्ण समाज का भला करने की नीति का ही पालन किया। स्वामी जी एक कथन बहुत ही प्रचलित है उतिष्ठत जागृत, प्राप्य वरान्निबोधत। अर्थात उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत। यह कथन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में बहुआयामी प्रगति का मार्ग तैयार करेगा।

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि धर्म को हानि पहुंचाए बिना ही जनता की उन्नति की जा सकती है। किसी को आदर्श बना लो, यदि तुम धर्म को फेंक कर राजनीति, समाजनीति अथवा अन्य किसी दूसरी नीति को जीवन शक्ति का केंद्र बनाने में सफल हो जाओ तो उसका फल यह होगा कि तुम्हारा अस्तित्व नहीं रह जाएगा। भारत में हजारों वर्षों से धार्मिक आदर्श की धारा प्रवाहित हो रही है। भारत का वायुमंडल इस धार्मिक आदर्श से शताब्दी तक पूर्ण रह कर जगमगाता रहा है। हम इसी धार्मिक आदर्श के भीतर पैदा हुए और पले हैं। यहां तक कि धर्म हमारे जन्म से ही हमारे रक्त में मिल गया है, जीवन शक्ति बन गया है। यह धर्म ही है जो हमें सिखाता है कि संसार के सारे प्राणी हमारी आत्मा के विविध रूप ही हैं। सच्चाई यह भी है कि हमारे लोगों ने धर्म को समाज में सही रूप में उपयोग भी नहीं किया है। अत- भारत में किसी प्रकार का सुधार या उन्नति की चेष्टा करने के पहले धर्म को अपनाने की आवश्यकता है। भारत को राजनीतिक विचारों से प्रेरित करने के पहले जरूरी है कि उसमें आध्यात्मिक विचारों की बाढ़ ला दी जाए।

शिक्षा हमारी मूलभूत आवश्यकता है। भारत के लोगों को यदि आत्मनिर्भर बनने की शिक्षा नहीं दी जाएगी, तो सारे संसार की दौलत से भारत के एक छोटे से गांव को भी सहायता नहीं की जा सकती। नैतिक तथा बौद्धिक दोनों ही प्रकार की शिक्षा प्रदान करना हमारा पहला कार्य होना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से भारत का स्वत्व प्रकट होना चाहिए, भारत के संस्कार प्रवाहित होने चाहिए। कहा जाता है कि जिस देश की शिक्षा में वहां के तत्व नहीं हैं तो वह शिक्षा उस देश के स्वत्व को समाप्त करने का मार्ग ही तैयार करेगी। इसलिए भारत को सर्वांगीण विकास करने वाली शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए।

# दिल्ली के चुनाव 'आप' के लिये परीक्षा की घड़ी

**ललित गर्ग**

देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। 'आप' दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है? चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। 'आप' तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए 'आप' ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। 'रेवड़ी पर चर्चा' जैसी मुहिम से 'आप' हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन 'आप' के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। 'शीश महल' विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि 'आप' की उलटी गिनती तो शुरु हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है।

दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली 'आप' ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन 'आप' ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ़ 49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फ़रवरी 2014 में ये




कहते हुए इस्तीफ़ा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए 'आप' ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफ़ी रोचक होने वाला है लेकिन यह 'आप' के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरज़ोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये 'आप-दा' यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले 'आप' की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए 'आप' सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है।

# अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग से 90 फीट नीचे गिरे मजदूर, 2 की मौत

## घायल बोले- नहीं थे सेफ्टी इंतजाम, यहीं से गिरकर गई थी लड़की की जान





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर के वीआईपी रोड पर अंडर-कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के 7वें फ्लोर की छत ढह गई। बताया जा रहा है कि, दो बिल्डिंग की छत को जोड़ने का काम चल रहा था। अचानक ढलाई के दौरान पूरी छत भर-भराकर गिर गई। जिससे काम कर रहे 8-10 मजदूर 90 फीट नीचे गिर गए। इनमें दो की मौत हो गई। घायल मजदूरों के मुताबिक यहां सेफ्टी इंतजाम नहीं किए गए थे। शनिवार दोपहर करीब 3 बजे हुए इस हादसे के बाद रातभर मलबा हटाने का काम चला।

हादसे में घायल 6 मजदूरों का रायपुर के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। कंपनी ने मृतक के परिजनों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने और घायल मजदूरों के इलाज का पूरा खर्च उठाने की बात कही है। घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र की है। इसी बिल्डिंग में 3 महीने पहले काम के दौरान एक नाबालिग लड़की की भी गिरने से मौत हुई थी। मजदूरों ने बताया कि, नाबालिग कंस्ट्रक्शन मटेरियल लेकर जा रही थी। इसी दौरान वो 6वीं मंजिल से नीचे गिर गई थी।

**ढ़लाई के दौरान हुआ हादसा:** जानकारी के मुताबिक, शनिवार को जिस समय यह हादसा हुआ, 10 मजदूर छत ढलाई का काम कर रहे थे। सभी मजदूर नीचे गिर गए। 2 मजदूरों के ऊपर छत का पूरा मलबा गिर गया। मलबे में लोहे की छड़ें, पत्थर-गिट्?टी और छत पर लगाए गए लोहे के स्ट्रक्चर भी थे।

**1 मजदूर की मौके पर, दूसरे ने इलाज के दौरान तोड़ा दम:** मजदूरों पर पूरी कंस्ट्रक्शन मटेरियल और लोहे के स्ट्रक्चर गिर गए। जिस कारण मजदूरों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंचकर मजदूरों को निकालने में जुटी रही। हादसे में बलौदाबाजार के मिर्जा अहमद बेग (44) की मौके पर मौत हो गई। दूसरे मजदूर राम प्रसाद ने प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**दो बिल्डिंग की छत को जोड़ रहे थे मजदूर:** रायपुर के निजी इलाज में भर्ती घायल मजदूर तेजराम साहू ने बताया कि, 7वें फ्लोर पर दो बिल्डिंग को जोड़ने के लिए छत ढलाई का काम चल रहा था। आखिरी समय पर छत भरभराकर गिर गई। उसके साथ हम भी नीचे गिर गए। उसके बाद क्या हुआ इसकी जानकारी नहीं है।

**सेफ्टी के नहीं थे इंतजाम:** तेजराम ने बताया कि, वो ठेकेदार के जरिए पिछले 1 महीने से काम कर रहे थे। हादसा कैसे हुआ इसकी जानकारी नहीं है। पूरा स्ट्रक्चर गिरकर नीचे आ गया। सेफ्टी को लेकर जब मजदूर से सवाल किया गया तो उसने बताया कि, सेफ्टी इक्विपमेंट नहीं दिया गया था और ना ही सेफ्टी को लेकर कोई गाइडलाइन बताई गई थी।

## ओबीसी आरक्षण पर कांग्रेस का बड़ा ऐलान

### 15 जनवरी को बिलासपुर में कांग्रेस नेता देंगे सामूहिक गिरफ्तारी, सरकार पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप




**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने घोषणा की है कि 15 जनवरी को पार्टी कार्यकर्ता सिविल लाइन थाने में सामूहिक गिरफ्तारी देंगे।

कांग्रेस भवन में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडेय और जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) विजय केशरवानी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सरकार ने षड्यंत्रपूर्वक ओबीसी आरक्षण में कटौती की है।

**17 जिला पंचायतों में एक भी अध्यक्ष पद नहीं:** विजय पांडेय ने कहा कि सरकार के वादों के विपरीत, प्रदेश के 33 जिलों में से 17 जिला पंचायतों में ओबीसी को एक भी अध्यक्ष पद नहीं मिला है। जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार में 9 जिला पंचायतों में अध्यक्ष पद पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित था।

**अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म:** बस्तर और सरगुजा संभाग में ओबीसी आरक्षण को लगभग खत्म कर दिया गया है। पहले जहां 16 जिला पंचायत और 85 जनपद पंचायतों में 25 प्रतिशत सीटें ओबीसी के लिए आरक्षित थीं, वह अब अनुसूचित क्षेत्रों में लगभग खत्म हो गई हैं। सरगुजा संभाग के अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ समेत बस्तर के बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर जैसे जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई आरक्षण नहीं है।

# सराफा व्यवसायी की हत्या का बड़ा खुलासा, ड्राइवर और उसके भाई ने की थी हत्या, लूट की नीयत से दिया वारदात को अंजाम




**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** कोरबा में सराफा व्यापारी हत्या मामले में खुलासा हुआ है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के मुताबिक, ड्राइवर और उसके भाई ने साथियों के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

एसपी सिद्धार्थ तिवारी और बिलासपुर रेंज के ढ्ढत्र डॉ0 संजीव शुक्ला प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। जांच में यह सामने आई कि आरोपी सूरज पुरी गोस्वामी,जो पहले व्यवसायी की गाड़ी चलाता था, उसने अपने साथी मोहन मिंज और वर्तमान ड्राइवर आकाश के साथ मिलकर यह वारदात की। उनका मकसद व्यवसायी के घर से सोना-चांदी और नकदी लूटना था।

**300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला:** आरोपियों तक पहुंचने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, 80 से अधिक पुलिसकर्मियों को अलग-अलग टॉस्क दिया गया था। घटनास्थल और कार में खून के धब्बों के निशान से पुलिस को सुराग मिले। जिसके बाद आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली है। पुलिस अभी फरार आरोपी की तलाश में जुटी हुई हैं।

**लूट के इरादे से घर में घुसे:** घटना 5 जनवरी रविवार की है। जहां लालू राम कॉलोनी निवासी गोपाल राय सोनी के घर आरोपी लूट के इरादे से घुसे थे, जब व्यावसायी ने इसका विरोध किया तो सूरज ने चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद घर में रखी केटा कार में अटैची और मृतक की पत्नी का मोबाईल लेकर भाग गए थे। लूट के इरादे से घटना को अंजाम दिया था।

मृतक के पुत्र नचिकेता राय सोनी ने बताया कि जब वह घर पहुंचे तो उसकी चार पहिया वाहन खड़ी न होने पर अपने ड्राईवर आकाश पुरी गोस्वामी को फोन किया था, जिस पर ड्राईवर ने फोन पर बताया कि चाबी घर में होने की बात कही थी, उनके पिता गोपाल रॉय सोनी घायल अवस्था में लहुलुहान बेहोश फर्श पर पड़े थे।

**मृतक व्यवासायी का ड्राइवर था आरोपी:** आरोपी मोहन मिंज ने पूछताछ में बताया कि सूरज पुरी गोस्वामी परिचित हैं वही पहले गोपाल राय (मृतक व्यवासायी) की गाड़ी चलाता था। दोनों ने मिलकर चोरी की साजिश रची थी और कहा था कि अगर सेठ के दुकान की चाबी मिल जाए तो खुब सारा सोना-चांदी, पैसा मिल जाएगा।

**विरोध करने पर मारा था चाकू:** दोनों आरोपियों ने मिलकर गोपाल राय सोनी दबोचने का प्रयास किया, लेकिन विरोध करने पर चाकू से अंधाधुंध वार करना शुरू कर दिया। सूरज के ताबड़ तोड़ चाकू चलाने से वो घायल होकर नीचे फर्श पर गिर पड़े।

## 3 दोस्तों को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**मीडिया ऑडीटर, (बलौदाबाजार) एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में सड़क हादसे में 3 दोस्तों की मौत हो गई। तीनों युवक शनिवार रात 8 बजे गातापार मेले से घर लौट रहे थे, तभी सेमरहाडीह के भारुवाडीह चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। तीनों युवक बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे।

घटना सुहेला थाना क्षेत्र की है। मरने वालों में मनोज पटेल (23), पूरन पटेल (21) और सुमन पटेल (24) शामिल हैं। तीनों बलौदाबाजार सिटी कोतवाली के तारासिंह गांव के रहने वाले थे।

**खून से सने मिले तीनों युवकों के शव:** टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक हवा में उछल गए। एक युवक का शव सड़क किनारे फेंसिंग के दूसरी तरफ मिला, जबकि दो अन्य युवकों के शव सड़क किनारे खून से लथपथ मिले। हादसे के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

## 12वीं की छात्रा से 4 दिन तक रेप

### कोरबा से किया किडनैप, दोस्त के रूम में वारदात, साइकिल से स्कूल जाने निकली थी



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से 12वीं की छात्रा को अगवा कर युवक ने रेप किया है। आरोपी ने वारदात को रायपुर में अपने दोस्त के घर पर अंजाम दिया है। छात्रा 6 दिन पहले स्कूल जाने के नाम पर घर से निकली थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। घटना मानिकपुर चौकी क्षेत्र की है। परिजनों के मुताबिक, जब वह घर नहीं लौटी तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। स्कूल, रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश करने के बाद भी छात्रा का पता नहीं चला। इसके बाद मानिकपुर चौकी में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

**छात्रा को जबरदस्ती रायपुर ले गया युवक:** दरअसल, नाबालिग छात्रा 5 जनवरी को स्कूल जाने के नाम से घर से साइकिल से निकली थी। उसने साइकिल को एक दुकान में रिपेयर करने के लिए दिया था। इसी दौरान आरोपी घनश्याम केवट (24) छात्रा को जबरदस्ती रायपुर ले गया। रायपुर में 4 दिन तक छात्रा को दोस्त के रूम में ले जाकर अपने कब्जे में रखा। वहां उससे लगातार रेप किया।

**नाबालिग छात्रा को रायपुर से किया बरामद:** मानिकपुर चौकी प्रभारी को सूचना मिली की आरोपी रायपुर में है। इसके बाद फौरन ्स्ढ्ढ सुदामा और संजय सिंह अपनी टीम के साथ रायपुर के लिए रवाना हुए। जहां आरोपी और नाबालिग छात्रा को बरामद किया गया। पकड़ा गया आरोपी घनश्याम केवट मुलमुला जांजगीर जिले का रहने वाला है। वह रायपुर में किसी निजी कंपनी में काम करता है, जो पेशे से ड्राइवर है।

**स्कूल सामान छोड़ने आता था ड्राइवर, यहीं से हुई पहचान:** आरोपी ड्राइवर कोरबा स्कूल में सामान छोड़ने आता था। इस दौरान छात्रा से उसकी जान पहचान हुई, फिर मोबाइल नंबर लेकर दोनों की एक दूसरे से बातचीत होती रही। वारदात वाले दिन वह कोरबा पहुंचा। वहां से छात्रा को रायपुर ले गया था। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को छात्रा को रायपुर से बरामद किया है। साथ ही आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर जिले में वाहन चालकों को किया गया जागरूक



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के कोतवाली मनेंद्रगढ़ में 11 को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के निर्देशन में किया गया, जिसमें पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अलेक्सियुस टोप्पो, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), तरसीला टोप्पो और कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुनील तिवारी ने भाग लिया। बैठक में लगभग 70 से 80 टैक्सी, ऑटो और बस चालक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। वाहन चालकों को मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन न चलाने, गति सीमा का पालन करने और सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के लिए कहा गया। उन्हें ओवरस्पीडिंग और मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। मालवाहक वाहनों में सवारियों के परिवहन और सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने से बचने के निर्देश भी दिए गए। सड़क सुरक्षा नियमों और संकेतों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। चालकों को यह बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले गुड सेमेरिटन को पुलिस, अस्पताल और अदालत की प्रक्रियाओं से सुरक्षित रखा जाएगा। बैठक में दुर्घटनाओं में सिर की चोटों को मृत्यु का प्रमुख कारण बताते हुए हेलमेट के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# शेयर ट्रेडिंग में पहले मुनाफा दिया, फिर 83 लाख ठगे

## दवा कारोबारी से ऑनलाइन फ्रॉड, पुलिस ने 42 लाख कराए होल्ड





**मीडिया ऑडीटर, भिलाई (एजेंसी)।** दुर्ग जिले में एक दवा कारोबारी से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 83 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए 42 लाख रुपए खाते में होल्ड कर दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है।

एएसपी भिलाई सुखनंदन राठौर ने बताया कि, दवा कारोबारी को एक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने का ऑफर मिला था। उसमें उसे अधिक मुनाफा देने का वादा किया गया था।

**पहले मुनाफा दिया, फिर ठग लिए पैसे:** शुरुआती निवेश पर मुनाफा मिलने से उनका विश्वास बढ़ा, फिर अपनी बचत से 83 लाख रुपए निवेश कर दिए। इसके बाद न तो उसे लाभ मिला और न उसके निवेश के पैसे लौटाए गए। जैसे ही उसे ठगी का एहसास हुआ, उसने हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर केस दर्ज कराया।

पुलिस ने शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई करते हुए संदिग्ध खातों से 42 लाख रुपए होल्ड कर दी। साइबर क्राइम टीम ने बैंक खातों और संदिग्ध लेन-देन को ट्रैक किया है। पुलिस अपराधियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

**पुलिस बोली- लोग रहे ऑनलाइन ठगी से सतर्क:** दुर्ग पुलिस ने लोगों से अपील की है कि, वो ऑनलाइन फ्रॉड को लेकर सतर्क रहें। ऑनलाइन निवेश करने से पहले प्लेटफॉर्म की प्रामाणिकता की जांच कर लें। उसके बाद ही उसमें निवेश करें। किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या ईमेल से सावधान रहें।

**ठगी होने पर तुरंत करें 1930 में कॉल:** एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा कि, साइबर ठग पहले छोटे मुनाफे का लालच देकर विश्वास जीतते हैं और फिर बड़ी रकम लेकर गायब हो जाते हैं। लोगों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत 1930 या स्थानीय पुलिस से संपर्क करना चाहिए।

## शादी का वादा कर दुष्कर्म, कई साल से कर रहा था शारीरिक शोषण, एफआईआर के बाद आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, (दंतेवाड़ा) एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में प्यार, शादी का वादा और फिर रेप का मामला सामने आया है। गर्लफ्रेंड ने पुलिस को बताया है कि, बॉयफ्रेंड शादी करूंगा कहता था। शादी का वादा कर वह बार-बार रेप करता रहा। जब शादी करेंगे, कहा तो भाग गया। वहीं, युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कटेकल्याण थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी रामू सेठिया (20) गुडसे गांव का रहने वाला है। जिले के ही एक गांव की रहने वाली युवती से किसी माध्यम से दोस्ती हुई थी। दोस्ती प्यार में बदली। शादी का वादा किया और फिर युवक लगातार उसका दुष्कर्म करता रहा। हालांकि, युवती बार-बार कहती रही की शादी कर लेते हैं। लेकिन युवक हमेशा टालमटोल करता रहा।

वहीं, एक दिन फिर जब उसने शादी की बात कही तो युवक भाग गया। उसे समझ आ गया था कि वह उसे धोखा दे रहा है। शादी नहीं करेगा। इसके बाद उसने कटेकल्याण थाना पहुंचकर अपने प्रेमी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी रामू सेठिया को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत सफाई कर्मियों स्वच्छता दीदियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन कर उनके स्वास्थ्य का कराया गया परीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण शाव, स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत चिरमिरी नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक - 27 गोदरीपारा हनुमान मंदिर के पास विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विशेष रूप से स्वच्छता कर्मियों नगर में डोर टू डोर कार्यरत स्वच्छता दीदियों का विशेष रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निरूशुल्क दवा वितरण किया गया। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री शहरी स्वास्थ्य योजना के तहत वर्तमान में नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में मोबाइल मेडिकल यूनिट की 02 वाहन संचालित हैं जिसमें शासन के द्वारा उपलब्ध मोबाइल मेडिकल यूनिट में 01 एम.बी.बी.एस.डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ए.एन.एम. एवं वाहन चालक रहते हैं जिसमें 41 प्रकार के टेस्ट निःशुल्क कराए जाते हैं वहीं डॉक्टरों द्वारा जेनेरिक दवाइयां का भी निःशुल्क वितरण किया जाता है, मोबाइल मेडिकल यूनिट में मरीजों का रिकॉर्ड ऑनलाइन एंट्री किया जाता है और चिकित्सक के द्वारा गंभीर मरीजों को शासकीय अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती भी कराया जाता है। 31 दिसंबर 2024 की स्थिति में देखा जाए तो उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र में 2298 शिविरों का आयोजन कर 155782 मरीज का इलाज किया जा चुका है तथा 38281 मरीज का लैब टेस्ट किया जाकर 137046 मरीज को दवा वितरण किया गया है छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा उक्त योजना के संचालन से गरीब तबके के लोगों में खुशी है, और उन्हें निरूशुल्क दवा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो रही है।

इस शिविर में न केवल सफाई कर्मियों वह स्वच्छता दीदियों की स्वास्थ्य की जांच की गई बल्कि फिटनेस के लिए उन्हें विशेष रूप से तक भी लगाए गए।

वही आयुक्त राम प्रसाद आचला ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शिविर से नगर में आमनागरिकों का निरूशुल्क इलाज कर उन्हें निरूशुल्क दवा का वितरण किया जाता है साथ ही समय-समय पर स्वच्छता के क्षेत्र में कार्यरत सफाई कर्मियों स्वच्छता दीदियों का विशेष रूप से स्वास्थ्य का परीक्षण भी करा रहे हैं जिससे कर्मचारियों को अच्छे स्वास्थ्य वातावरण निर्मित किया जा सके।

## चुनाव लड़ने पार्षदों को देनी होगी 5 महीने की सैलरी

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस का दावेदारों के लिए भी फरमान, मनमोहन कमेटी में जमा होगी

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने पार्षदों को अपने 5 महीने की सैलरी 'मनमोहन सिंह कमेटी' में जमा करने का फरमान जारी किया है। इसमें वो पार्षद भी आएंगे, जो नगरीय निकाय चुनाव लड़ने की दावेदारी कर रहे हैं। पीसीसी ने यह आदेश जारी किया है। पार्षदों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में 2019-2020 से 5 सत्र की सहयोग राशि देनी होगी। यह आगामी चुनाव का फंड रहेगा। दरअसल, चुनावी तैयारियों के बीच इस समय कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती वित्तीय प्रबंधन की है। इसलिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी निकायों में निर्वाचित पार्षदों से सहयोग राशि देने की अपील की है।

# स्मिथ ने बीबीएल में मचाया धमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग 2024-25 में उतरने के बाद धमाल मचाया है। स्टीव स्मिथ ने बिग बैश लीग सीजन के अपने पहले ही मैच में तूपानी शतक ठोकने का बड़ा कारनामा कर दिया है। सिडनी सिक्सर्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के बीच खेले जा रहे लीग के 30वें मैच में स्मिथ ने सेंचुरी जड़ने का कमाल किया। सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए स्मिथ ने महज 58 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। इस दौरान उनके बल्ले से 10 चौके और 6 छक्के निकले। शतक पूरा करने के बाद भी स्मिथ का बल्ला नहीं रूक और उन्होंने आखिरी ओवर में लगातार 3 छक्के जड़ते हुए अपनी टीम का स्कोर 220/3 रन तक पहुंचा दिया। स्टीव स्मिथ 64 गेंदों पर 10 चौके और 7 छक्कों की मदद से 121 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस तरह स्मिथ ने बिग बैश लीग में बड़ा करिश्मा कर दिया। स्मिथ ने ताबड़तोड़ अंदाज में सेंचुरी जड़ी जो टी20 क्रिकेट में उनके बल्ले से आई चौथी सेंचुरी है। यही नहीं, बिग बैश लीग के इतिहास में स्मिथ ने तीसरा सैकड़ा जड़ा। इसके साथ ही दिग्गज बल्लेबाज ने बिग बैश लीग यानी बीबीएल में सबसे ज्यादा सेंचुरी जड़ने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। स्मिथ ने बेन मैकडरमोट के 3 शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की है।

स्टीव स्मिथ के नाम अब टी20 क्रिकेट में 4 शतक हो गए हैं।

# विराट कोहली इस रिकॉर्ड पर यशस्वी जायसवाल की नजरें, इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं कमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया है। फिर चाहे वो टेस्ट हो या टी20, दोनों ही फॉर्मेट में यशस्वी का प्रदर्शन काबिले तारीफ है। वनडे क्रिकेट में भी वह जल्द ही टीम इंडिया के लिए खेलते हुए दिख सकते हैं। कई रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि शायद उन्हें आगामी इंग्लैंड सीरीज में खेलने का मौका मिल सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ 22 जनवरी से भारतीय टीम टी20 सीरीज खेलेगी, जिसमें जायसवाल बतौर ओपनर खेलते हुए दिख सकते हैं। वहीं इस सीरीज में सबसे तेज एक हजार रन पूरे करने का उनके पास सुनहरा मौका होगा।

यशस्वी के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के दौरान सबसे तेज एक हजार रन पूरा करने वाला भारतीय बल्लेबाज बनने का मौका है। बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम 23 मैचों में 723 रन हैं। यशस्वी 1000 टी20 रन पूरा करने से सिर्फ 277 रन दूर हैं। अगर वह अगली चार पारियों में इस उपलब्धि को हासिल कर सकते हैं तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं और सबसे तेज ये कारनामा करने वाले भारतीय बन सकते हैं। अगर वह पांच पारियां लेते हैं तो वह विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी करेंगे। विराट ने 27 पारियों में एक हजार रन पूरे किए थे। भारत के पूर्व कप्तान ने 2010 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया था। केएल राहुल इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 29 पारियों में ये कारनामा किया है। इंग्लैंड के डेविड मलान ने 24 पारियों में ये उपलब्धि अपने नाम की।



# इंग्लैंड के खिलाफ रोहित शर्मा कर सकते हैं कमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। जिसका आयोजन 5 मैचों की टी20 सीरीज के बाद किया जाएगा। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी के लिहाज से इस सीरीज को काफी अहम माना जा रहा है। भारत ने पिछले साल यानी 2024 में सिर्फ 3 वनडे मैच खेले थे और ये सीरीज श्रीलंका के खिलाफ खेली गई थी, लेकिन टीम इंडिया को 0-2 से हार मिली थी। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया इस हार को भूलकर इंग्लैंड के खिलाफ नए सिरे से शुरुआत करेगी और सीरीज को जीतने की कोशिश भी करेगी। इस वनडे सीरीज के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के पास एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने का भी शानदार मौका होगा।

रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान 134 रन बनाते ही 50-50 ओवर के प्रारुप मे अपने 11000 रन भी पूरे कर लेंगे। रोहित शर्मा ने 265 वनडे मैचों में अब तक 10,866 रन बनाए हैं। इस वनडे सीरीज में 11 हजार रन पूरा करते ही वो भारत की तरफ से वनडे प्रारुप में 11,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में अब तक सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और सौरव गांगुली शामिल हैं। वहीं रोहित शर्मा के पास वनडे में दूसरे सबे तेज 11 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बनने का भी मौका है। रोहित शर्मा ने अब तक वनडे में 265 मैचों की 257 पारियों में 10,866 रन बनाए हैं।

# सर्वाधिक गेंद खेलने से लेकर कैच तक,राहुल द्रविड़ के इन पांच रिकॉर्ड को तोड़ना मुश्किल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम पूर्व कोच राहुल द्रविड़ 11 जनवरी को 52 साल के हो गए। टीम इंडिया का कोच पद छोड़ने के बाद द्रविड़ इन दिनों अपने घर परिवार के साथ क्वालिटी समय बिता रहे हैं। एक सफल क्रिकेट करियर के बाद द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीता था। इसके बाद ही द्रविड़ ने अपना पद छोड़ दिया था। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिफ और वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेल चुकी है। वह अपने समय के बेहतरीन बल्लेबाजों में रहे हैं। टेस्ट और वनडे दोनों फॉर्मेट में उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है।



अपने पूरे करियर के दौरान द्रविड़ सभी गेंदबाजों के लिए एक बुरे सपने की तरह रहे। इस दौरान उन्होंने कई गेदंबाजों को परेशान किया। आपको बस ये देखने की जरुरत है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में कितनी गेंदों का सामना किया। द्रविड़ ने अपने टेस्ट करियर में कुल 31,258 गेंदों का सामना किया, जो लगभग 5210 ओवर हैं। टेस्ट क्रिकेट में वह सबसे ज्यादा गेंदों का सामना करने वाले खिलाड़ी हैं। उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ना काफी मुश्किल है।

राहुल द्रविड़ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लपकने वाले फील्डर हैं। उन्होंने अफने करियर में 210 कैच पकड़े हैं। उनके बाद दूसरे स्थान पर इंग्लैंड के जो रूट हैं। रूट ने टेस्ट में 207 कैच लिए हैं और द्रविड़ के रिकॉर्ड से तीन कैच दूर हैं। तीसरे स्थान पर श्रीलंका के महेला जयवर्धने हैं। जिन्होंने 205 कैच लिए हैं।

द्रविड़ के क्रीज पर रहने से भारतीय क्रिकेट फैंस हमेशा राहुल महसूस करते थे। वे जानते थे कि द्रविड़ एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपना विकेट आसानी से नहीं देंगे। वह गेंदबाजों को कड़ी मेहनत करवाएंगे। द्रविड़ मैराथन पारी खेलने के लिए जाने जाते थे। उनके लिए बल्लेबाजी ध्यानकी तरह थी और इसमें कोई आश्चर्च की बात नहीं है कि टेस्ट क्रिकेट इतिहास में क्रीज पर सबसे ज्यादा मिनट बिताने का वर्ल्ड रिकॉर्ड उनके नाम है। उन्होंने बल्लेबाजी करते हुए कुल 44,152 मिनट क्रीज पर बिताए। जो कि क्रिकेट के इतिहास में सर्वोच्च स्कोरर सचिन तेंदुलकर से भी ज्यादा है।

राहुल द्रविड़ के बारे में सबसे अच्छी बात ये थी कि वह खुद रन बनाने के अलावा दूसरों की सफलता में भी योगदान देते थे। बल्लेबाजी के जादूगर को लंबी साझेदारी बनाने की कला में महारत हासिल थी। उने नाम टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां निभाने का अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने सबसे लंबे प्रारुप में 100 या उससे ज्यादा रनों की 88 साझेदारियां बनाई।

द्रविड़ को मैराथन साझेदारियां बनाना पसंद था। टेस्ट में सबसे ज्यादा शतकीय साझेदारियां का वर्ल्ड रिकॉर्ड रखने के अलावा इस महान बल्लेबाज के नाम खेल के इतिहास में सबसे ज्यादा 300 से ज्यादा साझेदारियों का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 6 बार 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी की है। सूची में अगले नंबर पर डॉन ब्रैडमैन और ग्रीम स्मिथ हैं जिनके नाम पांच-पांच हैं।

# 23 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2025

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की घोषणा कर दी है, जो 23 मार्च, 2025 से शुरू होने वाला है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को मुंबई में आयोजित बीसीसीआई की विशेष आम बैठक (एसजीएम) के बाद शुरुआत की तारीख का खुलासा किया।



एसजीएम में, देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः नए बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया। शुक्ला ने कहा, देवजीत सैकिया को नए बीसीसीआई सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया है।

दिसंबर में जय शाह के आधिकारिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष की भूमिका संभालने के बाद से सचिव का पद खाली था। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद आशीष शेलार ने बीसीसीआई कोषाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया।

शुक्ला ने यह भी पुष्टि की कि 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम को अंतिम रूप देने के लिए 18 या 19 जनवरी को एक बैठक निर्धारित की गई है। यह निर्णय उन रिपोर्टों के बाद लिया गया है, जिनमें कहा गया है कि आईसीसी द्वारा 12 जनवरी को आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित किए जाने के बावजूद भारत की टीम की घोषणा में देरी हो सकती है।

अब तक, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश ने टूर्नामेंट के लिए अपनी टीमों की घोषणा कर दी है। भारत अपने चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप-स्टेज मैच के साथ करेगा, उसके बाद 23 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ एक हाई-स्टेक मुकाबला और 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक मैच होगा, ये सभी मैच दुबई में ही होंगे।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये सईम के खेलने पर फैसला जल्द

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बल्लेबाज सईम अयूब ने अपने टखने की चोट के लिये लंदन के आर्थोपीडिक सर्जन से चेकअप करा दिया है लेकिन एक सप्ताह बाद ही पता चलेगा कि वह अगले महीने चैम्पियंस ट्रॉफी खेल सकेंगे या नहीं। सईम को लंदन के दो मशहूर आर्थो सर्जन डॉक्टर डेविड रेडफर्न और डॉक्टर लकी जेयासीलान ने देखा है।

सईम के करीबी सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि वह 23 फरवरी को दुबई में भारत के खिलाफ होने वाले मैच तक फिट हो जायें। उन्होंने कहा ,'' अगर डॉक्टर कहते भी है कि वह चैम्पियंस ट्रॉफी में 19 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के पहले मैच तक फिट नहीं होते लेकिन भारत के खिलाफ मैच तक फिट हो जायेंगे तो चयनकर्ता और पीसीबी जोखिम उठाने को तैयार हैं।'' पीसीबी को विशेषज्ञों की रिपोर्ट अगले सप्ताह तक मिलेगी लेकिन प्रारंभिक चेकअप में किसी सर्जरी की जरूरत से इनकार किया गया है।

# बीजीटी में हार और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर समीक्षा करेंगे गौतम गंभीर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे की समीक्षा के लिए शनिवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे जिसमें प्रमुख बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा के भविष्य पर गहन चर्चा की जाएगी। न्यूजीलैंड (घरेलू) और ऑस्ट्रेलिया (विदेश) के खिलाफ लगातार सीरीज में हार तथा लचर बल्लेबाजी के कारण कोहली और रोहित पर सवाल उठने लग गए हैं।



पीटीआई को पता चला है कि बीसीसीआई की बैठक में भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से बदलाव का दौर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले या उसके बाद शुरू करने पर चर्चा होगी। हालांकि पूरी संभावना है कि इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों को वनडे चैंपियंस ट्रॉफी में खुद को साबित करने का एक और मौका मिलेगा। यह एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। वे इस तथ्य पर भी गौर कर सकते हैं कि कोहली और रोहित दोनों ने 2023 में भारत में खेले गए विश्व कप के बाद 2024 में सिर्फ तीन एकदिवसीय मैच खेले हैं। इन दोनों ने यह तीनों मैच श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले थे।

कोहली ने इन मैच में 24, 14 और 20 रन जबकि रोहित ने 58, 64 और 35 रन बनाए थे। लेकिन कुल मिलाकर, कोहली 50 ओवरों में चैंपियन खिलाड़ी रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छे प्रदर्शन से यह दोनों खिलाड़ी अच्छी मानसिक स्थिति में लौट सकते हैं। जहां तक टेस्ट क्रिकेट की बात है तो स्थिति पूरी तरह से भिन्न है।

भारत को अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला इंग्लैंड के खिलाफ खेलनी है और इससे पहले कोहली और रोहित के खराब प्रदर्शन की समीक्षा जरूर की जाएगी ऑस्ट्रेलिया के दौरे में पर्थ में शतक लगाने के बावजूद कोहली 23.75 की औसत से केवल 190 रन ही बना सके। दूसरी तरफ पहले और पांचवें टेस्ट में नहीं खेलने वाले रोहित ने पांच पारियों में 6.2 की औसत से 31 रन बनाए। इसी तरह संभव है कि गंभीर के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ के प्रदर्शन की भी समीक्षा की जाए। उनसे बदलावके इस दौर में उनकी योजनाओं के बारे में पूछा जा सकता है। समीक्षा बैठक के अलावा अगरकर के नेतृत्व में चयनकर्ता शनिवार शाम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम चुनने के लिए भी बैठक करेंगे। भारत अपने सभी मैच संयुक्त अरब अमीरात में खेलेगा और 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मैच के साथ अभियान की शुरुआत करेगा।

# भारतीय महिला टीम का टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ दूसरे महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया, जबकि आयरलैंड ने दो बदलाव किए। उसने ऊना-रेमंड होए और एमी मैगुएर की जगह एवा कैनिंग और अलाना डेलजेल को शामिल किया गया। भारत ने पहला वनडे छह विकेट से जीता था।

# स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की खामियों पर सांसद सख्त

## 22 से 24 जनवरी तक वार्ड-टू-वार्ड पदयात्रा कर बनाएंगे रिपोर्ट कार्ड




**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** सतना के सांसद गणेश सिंह ने रविवार को प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की कमियों को स्वीकार किया। उन्होंने घोषणा की कि वे 22 से 24 जनवरी तक वार्ड-टू-वार्ड पदयात्रा करके शहर की स्थिति का विस्तृत रिपोर्ट कार्ड तैयार करेंगे।

यह बात विशेष रूप से चर्चा का विषय बनी है क्योंकि केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार होने के साथ-साथ नगर का महापौर भी भाजपा का है। लगातार पांचवीं बार सांसद बने गणेश सिंह ने 2025 के लिए कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

पर्यटन विकास को प्राथमिकता देते हुए सड़क और रेल परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कैमा स्टेशन के पूर्ण विकास की योजना है, जिससे माल गोदाम को शहर से बाहर स्थानांतरित कर भारी यातायात की समस्या से निजात मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट का निर्माण पूरा हो चुका है और जल्द ही हवाई सेवाएं शुरू होंगी।

मैहर में मां शारदा लोक के निर्माण का ब्लूप्रिंट जल्द ही तैयार किया जा रहा है। साथ ही चित्रकूट में वनवासी राम लोक की आधारशिला रखी जाएगी, जिसके लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत जिले के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई।

# प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रण के लिए ड्रिल

## कुंभ की तैयारियों को लेकर आरपीएफ-जीआरपी ने किया यात्री कैंप का निरीक्षण





**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों को लेकर सतना में रेलवे पुलिस ने व्यापक स्तर पर रिहर्सल की। रविवार को आरपीएफ के डीआईजी रजनीश त्रिपाठी और जीआरपी के डीएसपी लोकेश मार्को ने यात्री कैंप का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

डीआईजी ने आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त बैठक में प्लेटफॉर्म पर भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। जवानों को ट्रेनों में यात्रियों के चढ़ने-उतरने के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। रेलवे परिसर में वाहनों की पार्किंग पर भी कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए।

महाकुंभ के दौरान आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आग बुझाने की विशेष ड्रिल कराई गई। जवानों को बीड़ी-सिगरेट पीने वाले यात्रियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया।

जीआरपी डीएसपी के अनुसार, स्टेशन परिसर में बनाए गए यात्री कैंप में 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। कैंप में यात्रियों के लिए पानी, शौचालय और विश्राम की व्यवस्था की गई है। यहां से ट्रेनों की जानकारी और खोए हुए यात्रियों की घोषणा की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर मैहर में किया गया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को मैहर के आरपी पैलेस हाउसिंग बोर्ड में आयोजित किया गया। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण के अलावा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राष्ट्रगान गायन के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने, कलेक्टर रानी बाटड़, अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह, सतीश मिश्रा सहित विद्यालय के छात्र-छात्रायें एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सतना-मैहर जिले की लाड़ली बहनों के खाते में आए 47 करोड़ रुपए

## महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से आया सामाजिक सोच में बदलाव : गणेश सिंह

### आनंद महोत्सव के रूप में मना चौपाटी में कार्यक्रम





**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को शाजापुर जिले के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश भर की 1 करोड़ 27 लाख से अधिक लाडली बहनों के खाते में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की 20वीं किस्त के रूप में 1553 करोड रुपए अंतरित किए। सतना और मैहर जिले की 3 लाख 83 हजार हितग्राही लाडली बहनों के खाते में 47 करोड रुपए की राशि आई है। मकर संक्रांति के पूर्व नववर्ष में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की राशि का अंतरण कार्यक्रम जिला स्तर पर सिविल लाइन चौपाटी में सांसद गणेश सिंह के मुख्यातिथ्य में आनंद महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस मौके पर रिमझिम बारिश के बीच लाडली बहनों को सुहाग सामग्री और तिल-लाई के लड्डू भेंट किए गए। हितग्राही महिलाओं ने भी पतंग बाजी, गिल्ली डंडा जैसे पारंपरिक खेलों में भाग लेकर आनंद उत्सव मनाया।

सांसद सिंह ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की है। केंद्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण का अभियान समूचे देश में चला रही है। मध्यप्रदेश की बेटी संरक्षण और लाडली बहना योजना का अनुसरण आज देश के कई प्रान्तों में किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार की लाडली लक्ष्मी योजना और मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच में बदलाव लाने में सफल हुई है। बेटियों और महिलाओं को समाज में सम्मान मिला है। हर क्षेत्र में बेटियां और बहनों को आगे बढ़ाने की अवसर मिले हैं। सांसद ने लाडली बहनों को नया वर्ष संक्रांति पर्व और योजना की 20वीं किश्त मिलने की बधाई देते हुए मकर संक्रांति से प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शाजापुर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत प्रदेश भर की 1.27 करोड़ लाडली बहनों को 20वीं किश्त के रूप में 1553 करोड रुपए अंतरित किये। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर के 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 335 करोड़ तथा 26 लाख बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 27 करोड़ की राशि उनके खाते में सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, परियोजना अधिकारी अभय द्विवेदी, अरुणेश तिवारी, पुनीत शर्मा, महिला बाल विकास की सुपरवाइजर, कार्यकर्ता एवं हितग्राही महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण सभी जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी समारोह पूर्वक दिखाया गया।

# चित्रकूट के संत-महंत प्रयागराज पहुंचे

## महाकुंभ में पहले शाही स्नान की तैयारियां पूरी, बोले- हिंदुओं का सबसे बड़ा और पवित्र त्योहार



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पहले शाही स्नान की तिथि के करीब आते ही संगम नगरी में श्रद्धालुओं और संत-महंतों का आगमन तेज हो गया है। चित्रकूट के फलाहारी आश्रम के प्रमुख संत रामप्यारी दास महाराज के नेतृत्व में साधुओं का एक बड़ा दल प्रयागराज पहुंच चुका है।

रामप्यारी दास महाराज ने महाकुंभ के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह हिंदू धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र त्योहार है, जो हर 12 वर्षों में आयोजित होता है। उन्होंने सभी हिंदू धर्मावलंबियों से कुंभ स्नान का आह्वान किया, जिससे पाप नष्ट होने के साथ मोक्ष की प्राप्ति होती है।

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। चित्रकूट से लगातार साधु-संतों का आगमन जारी है। संत समाज का मानना है कि यह आयोजन धर्म और संस्कृति का अनूठा संगम है, जो विश्व में भारत की आध्यात्मिक छवि को और मजबूत करता है।

पहला शाही स्नान विशेष महत्व रखता है, जिसके लिए प्रयागराज की पवित्र संगम नगरी में करोड़ों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# कैदियों के बीच मारपीट, चित्रकूट की जेल सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, दोनों को अलग-अलग जेलों में किया शिफ्ट




**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट जिला कारागार में दो कैदियों के बीच हुई मारपीट के बाद जेल प्रशासन को बड़ी कार्रवाई करनी पड़ी। बयान बदलने के विवाद में शामिल रामगोपाल यादव उर्फ गोप्पा को फतेहपुर जेल और कुमकुम उपाध्याय को प्रयागराज जिला कारागार भेजा गया है।

जेल अधीक्षक शशांक कुमार पांडे के अनुसार, यह एक मामूली विवाद था, जिसे अनावश्यक रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेल में शांति बनाए रखने के लिए दोनों कैदियों के स्थानांतरण का निर्णय लिया गया। हालांकि, इस घटना ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय प्रशासन और जेल अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या यह महज एक साधारण विवाद था या इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है। जिला प्रशासन पूरे मामले पर कड़ी नजर रखे हुए है। इस घटना ने एक बार फिर जेलों में कैदियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# सतना-मैहर में मौसम का मिजाज बदला

## बारिश से ठंड बढ़ी, न्यूनतम तापमान में 8.6 डिग्री पर पहुंचा



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मध्य प्रदेश के सतना और मैहर क्षेत्र में रविवार दोपहर से मौसम ने करवट ली है। शीतलहर के बीच रिमझिम बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मौसम विभाग के अनुसार, सुबह का न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नमी युक्त हवाओं के कारण यह मौसमी परिवर्तन हुआ है। हल्की बारिश के बाद बादल छंटने से वातावरण में गलन बढ़ने की संभावना है। जिससे न्यूनतम तापमान में एक से डेढ़ डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार सोमवार की सुबह तक मौसम साफ हो जाएगा।

इस बीच कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को राहत की खबर दी है। उनके अनुसार इस हल्की बारिश से चना और मटर की फसलों को कोई नुकसान नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने किसानों को सतर्क किया है कि बादल छंटने के बाद पाले से फसलों की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी बरतनी होगी। बारिश के कारण दोपहिया वाहन चालकों को यात्रा के दौरान बार-बार रुकना पड़ रहा है।

## मकर संक्रांति पर घर आए युवक की मौत

# अज्ञात वाहन ने कुचला, अहमदाबाद में करता था प्राइवेट नौकरी



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट (निप्र)।** चित्रकूट जिले में मकर संक्रांति के मौके पर सड़क हादसे युवक की मौत हो गई। रैंपुरा थाना क्षेत्र के भंवरी गांव के पास शनिवार देर रात एक अज्ञात वाहन ने फूलचंद नाम के युवक को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

फूलचंद अहमदाबाद में प्राइवेट नौकरी करते थे और मकर संक्रांति के अवसर पर अपने परिवार से मिलने घर आए थे। हादसे के समय वह भंवरी गांव से अपने घर कुंडी की ओर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों के मौके पर पहुंचने से पहले ही फूलचंद की मृत्यु हो चुकी थी।

घटना की सूचना मिलते ही रैंपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

त्योहार के दिन हुई इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। फूलचंद के पिता भगवान दास और परिवार के अन्य सदस्य सदमे में हैं। मकर संक्रांति की तैयारियां कर रहा परिवार अब मातम में डूब गया है। गांव के लोगों का कहना है कि यह दुर्घटना उनके लिए एक ऐसा गहरा जख्म है, जिसे भुलाना मुश्किल होगा।

# युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुई राज्यमंत्री








**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी को किया गया। युवा दिवस के अवसर पर सभी शिक्षण संस्थाओं सहित जिलेभर में स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जिला स्तर के प्रमुख कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक एक सतना के मैदान में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, महेंद्र पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी, सहायक संचालक गिरीश अग्निहोत्री, जिला क्रीड़ा अधिकारी मीना त्रिपाठी, डीपीओ सौरभ सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम को नियमित करने से होने वाले शारीरिक और मानसिक लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों से कहा कि स्वस्थ जीवन की हजार नियामतें हैं और स्वामी विवेकानंद जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही जीवन को उद्देश्यपूर्ण और सार्थक बनाया जा सकता है।

राज्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन एक साथ एक संकेत पर किया गया प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के आयोजन में स्वयंसेवी संगठन आम नागरिकों की भी भागीदारी रही। सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के ओजस्वी भाषण के अलावा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का प्रसारण किया गया। सूर्य नमस्कार कार्यक्रम राष्ट्रगान गायन के साथ संपन्न हुआ।

## लाड़ली बहनों को राशि अंतरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को काला पीपल, जिला शाजापुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजनांतर्गत सिंगल क्लिक से राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मैहर जिला मुख्यालय के पर्यटक सूचना केंद्र मे देखा व सुना गया। इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, नगर पालिका अध्यक्ष मैहर गीता संतोष सोनी, पार्षद रीतू कोल, जितेंद्र पाण्डेय, मनीष पाठक, नितिन ताम्रकार, आशीष मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग राजेन्द्र बांगरे, एसडीएम विकास सिंह तथा बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों, शौर्या दल, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, किशोरी बालिकाओं द्वारा देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां शारदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई। अतिथियों के स्वागत उपरांत कुमारी आराधना, श्वेता और मानवी द्वारा गणेश वंदना की गई।

# नगरीय विकास मंत्री आज चित्रकूट में



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 13 जनवरी सोमवार को चित्रकूट के कार्यक्रमों में शामिल होकर रात्रि 8.30 बजे चित्रकूट से प्रस्थान कर रात्रि 9.15 बजे मझगवां स्टेशन आयेंगे। जहां से रात्रि 9.58 बजे कामायनी एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।